संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

वक्त हमेशा बदलता है, बस भरोसा रखना सीखो।



13 अक्टूबर 1943 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत ने पहली बार इटली के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

पूर्णिया सोमवार | 13 अक्टूबर 2025 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 202

# एनडीए में सीटों का बंटवारा हुआ तय, जदयू और भाजपा 101-101 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली** (हि.स.), बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कल से सीटों के बंटवारे को लेकर चल रहा सस्पेंस खत्म हो गया। रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों का बंटवारा हो गया है। जनता दल यूनाइटेड( जदयू ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी को 29 सीटें मिली हैं, जबकि जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टियों को 6-6 सीटें दी गई हैं। दिल्ली में देर रात चली बैठकों में धर्मेंद्र प्रधान ने चिराग पासवान और अन्य सहयोगियों के बीच सहमति बनवाई। बिहार के भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर जानकारी दी कि हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। भाजपा और जेडी यू दिनों 101 -101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। लोजपा (रामविलास) 29 और हम और आरएलएम 6-6 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इसका हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। जानकारी के मुताबित इस संबंध में विस्तार से सोमवार को पटना में प्रेसवार्ता में जानकारी दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सीट बंटवारे में सबसे अधिक 14 सीटें जदयू को छोड़नी पड़ी है। भाजपा की नौ और हम की एक सीट गई। अगर पिछले चुनाव के समय हुए सीटों के बंटवारे को देखें तो जदयू के हिस्से की 21 और भाजपा के हिस्से की 20 सीटें निकली।

## सीईसी की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने की वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम बैठक, बिहार चुनाव की रणनीति पर मंथन

**नई दिल्ली** (हि.स.), रविवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में बिहार विधान सभा के उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा दी गई। पार्टी ने सभी 101 नामों पर अपनी मुहर लगा दी है। बैठक खत्म होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और बिहार के पार्टी



प्रभारी विनोद तावडे के साथ एक अलग रणनीतिक बैठक की। माना जा रहा है कि बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे, उम्मीदवारों के चयन और प्रचार अभियान की रूपरेखा पर विस्तृत मंथन हुआ।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक आज की बैठक में बिहार की सभी सीटों पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी ने सीटों की घोषणा चरणबद्ध यानी छोटे-छोटे बैच में करने का फैसला लिया है। उम्मीदवारों के नामों के ऐलान पटना से ही किए जाएंगे, जिससे चुनावी अभियान को स्थानीय स्तर पर गति दी जा सके। अब सभी की निगाहें उम्मीदवारों की पहली सूची पर टिकी हैं, जो जल्द ही जारी हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि दो दिनों की दिल्ली में हुई मैराथन बैठक में एक-एक नाम पर चर्चा हुई। शनिवार को जेपी नड्डा की अध्यक्षता में उनके आवास पर आठ घंटे तक चली बैठक में सभी संभावित उम्मीदवारों के नाम पर मंथन हुआ। इसके बाद रविवार को तो चरण में बैठकें हुई। केंद्रीय समिति की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीश, बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा आदि भी उपस्थित रहे।

## महिला विश्व कप 2025 : एलिसा हीली के शतक से ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत, भारत 3 विकेट से परास्त

### विशाखापट्टनम में हुआ रिकॉर्ड रन चेज, मंधाना और प्रतिका की शानदार पारियां हुईं नाकाम

**विशाखापट्टनम,** (हि.स.)। महिला वनडे विश्व कप 2025 के चौथे मुकाबले में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को तीन विकेट से पराजित किया। विशाखापट्टनम के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कप्तान एलिसा हीली के शतक और एनेबल सदरलैंड की घातक गेंदबाजी निर्णायक रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 48.5 ओवर में 330 रन बनाए, जो विश्व कप



इतिहास में उसका सर्वाधिक स्कोर है। स्मृति मंधाना (80) और प्रतिका रावल (75) ने 155 रनों की साझेदारी की। मंधाना ने महिला वनडे में 5000 रन पूरे कर नया रिकॉर्ड बनाया। हालांकि मध्यक्रम के लड़खड़ाने के बाद एनेबल सदरलैंड ने 5 विकेट लेकर भारत की पारी समेट दी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 331 रनों के लक्ष्य का पीछा 49वें ओवर में पूरा किया। कप्तान एलिसा हीली ने 107 गेंदों पर 142 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि एलीस पेरी (नाबाद 33) ने अंत तक टिके रहकर टीम को जीत दिलाई। इस हार के साथ भारत को टूर्नामेंट में लगातार दूसरी पराजय मिली। अब टीम अपना अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड से खेलेगी।

## भारत, यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के लिए 14वें दौर की वार्ता संपन्न

**नई दिल्ली** (हि.स)। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रुसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में बताया कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकारियों ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की बातचीत शुक्रवार को पूरी कर ली है। अधिकारी ने बताया कि पांच दिवसीय ये वार्ता छह अक्टूबर को शुरू हुई थी,



जिसका उद्देश्य वस्तुओं और सेवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मतभेदों को दूर कर वार्ता को जल्द पूरा करना था।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच 6 अक्टूबर को ब्रुसेल्स में वार्ता शुरू करने वाले भारतीय वार्ताकारों के साथ इस दौर के अंतिम दिनों में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए। अग्रवाल ने इस दौरान यूरोपीय आयोग (ईसी) में अपनी समकक्ष व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड से भी मुलाकात की।इसके बाद भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच अगले दौर की बातचीत शुरू होने से पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स की यात्रा की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि 15वें दौर की वार्ता नवंबर के मध्य में नई दिल्ली में होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं। जैसे-जैसे समय सीमा नज़दीक आ रही है, बातचीत हर महीने हो रही है।

### जेलेंस्की ने ट्रंप से की दूसरी बार बात, यूक्रेन की हवाई सुरक्षा और ऊर्जा सहयोग पर हुई चर्चा

**कीव,** (हि.स.)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लगातार दूसरे दिन बातचीत की है। इस वार्ता में दोनों नेताओं ने कीव की हवाई सुरक्षा को मजबूत करने, देश की रक्षा क्षमता बढ़ाने और लंबी दूरी की सैन्य क्षमताओं को सुदृढ़ करने पर चर्चा की।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शनिवार को कहा, "हमने ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी कई अहम बातों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन की मौजूदा स्थिति से भली-भांति अवगत हैं। हमने संवाद जारी रखने पर सहमति जताई है, और हमारी टीमें इसके लिए तैयारी कर रही हैं।"इस बीच, क्रेमलिन ने चेतावनी दी है कि अमेरिका से यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें मिलने की संभावना पर रूस गहरी चिंता में है। रूस का कहना है कि इससे युद्ध की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है तथा सभी पक्षों से तनाव बढ़ने का खतरा है।गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 06 अक्टूबर को कहा था कि वह यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें देने से पहले यह जानना चाहेंगे कि उनका इस्तेमाल कैसे किया जाएगा, क्योंकि वह युद्ध को और भड़काने के पक्ष में नहीं हैं।

जेलेंस्की और ट्रंप की यह वार्ता ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन लगातार रूसी हवाई हमलों का सामना करने के साथ ही पश्चिमी देशों से अपने वायु रक्षा तंत्र को मजबूत करने की मांग कर रहा है।

## सीबीआई ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एसबीआई फील्ड अफसर को घूस लेते किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली** (हि.स.) (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को मध्य प्रदेश के सीधी जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के एक फील्ड अफसर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान एसबीआई के फील्ड अफसर विशाल भारती के रूप में हुई है, जो सीधी के गायत्री कॉम्प्लेक्स शाखा में तैनात है।सीबीआई के अनुसार, आरोपी ने शिकायतकर्ता की पत्नी द्वारा लिए गए पांच लाख के मुद्रा लोन पर 10 प्रतिशत यानी पचास हजार की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद मामला बीस हजार पर



तय हुआ। सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को दस हजार की पहली किश्त लेते समय गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के आवास की तलाशी ली गई, जिसमें संदिग्ध दस्तावेज और सामान बरामद किए गए हैं।

आरोपी को आज जबलपुर की विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया।

सीबीआई ने इस संबंध में 11 अक्तूबर को मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने कहा कि जांच जारी है।

## खेती का पैटर्न बदलकर लाभ में परिवर्तित करने के लिए अच्छे खाद-बीज के साथ उन्नत तकनीकी जरूरी: शिवराज सिंह

### विदिशा में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान

**नई दिल्ली** (हि.स.), विदिशा जिले के ग्राम बामनखेडा में आयोजित धान कृषकों के संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से कहा कि खेती का पैटर्न बदलकर कैसे लाभ में परिवर्तित किया जा सकता है। इसके लिए अच्छे बीज, उचित खाद और उन्नत तकनीकी अपनाना जरूरी है। उन्होंने किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने का सुझाव दिया, ताकि अनावश्यक खाद से बचा जा सके। मंत्री ने आईआईआर दिल्ली से प्रमाणित बासमती



धान की नई किस्में पीबी 1885 और 1886 स्वयं परखने की बात कही और किसानों को प्रेरित किया।

**लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान** कार्यक्रम के अंत में मंत्री चौहान ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया और आपातकाल के दौरान अपने संघर्ष का अनुभव साझा किया। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र के महत्व, त्याग और बलिदान की कहानी बताई। कार्यक्रम में विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

**एकीकृत कृषि और उत्पादन में सुधार** : कृषि वैज्ञानिकों और प्रगतिशील कृषकों ने कार्यक्रम में कम लागत में अधिक उत्पादन के नवाचारों पर चर्चा की। मंत्री ने एकीकृत कृषि यूनिट के महत्व पर जोर दिया, जिसमें धान के साथ फल, सब्जी और गौपालन को जोड़कर खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। प्रगतिशील कृषक बृजेश दुबे के खेतों में नई धान किस्म का निरीक्षण भी किया गया।

## संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले देशों का सम्मेलन 14-16 अक्टूबर को नई दिल्ली में

**नई दिल्ली** (हि.स.), संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सैन्य योगदान देने वाले 32 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 14 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसका आयोजन और मेज़बानी भारतीय सेना करेगी।रक्षा मंत्रालय के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य परिचालन चुनौतियों, उभरते खतरों, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का आदान-प्रदान और भविष्य की शांति स्थापना के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करना है। यह मंच प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण की भूमिका पर विचार-विमर्श का अवसर भी प्रदान करेगा। सम्मेलन में मुख्य संबोधन रक्षा



मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव जीन पियरे लैक्रोइक्स देंगे। सम्मेलन के दौरान विशेष रक्षा प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी।इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, वियतनाम समेत कुल 32 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भारत इस सम्मेलन के माध्यम से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भारतीय दर्शन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करेगा।

## अफगानिस्तान शांति चाहता है, पाकिस्तान नहीं माना तो अन्य विकल्प मौजूद : विदेश मंत्री मुत्ताकी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान शांति चाहता है, लेकिन अपने सीमाई और राष्ट्रीय हितों की रक्षा से समझौता नहीं करेगा। क़तर और सऊदी अरब की मध्यस्थता पर फिलहाल संघर्ष विराम है। मुत्ताकी ने स्पष्ट किया कि अगर पाकिस्तान शांति नहीं चाहेगा, तो अफगानिस्तान के पास अन्य विकल्प मौजूद हैं।

**पाकिस्तान के साथ तनाव** मुत्ताकी ने कहा कि पाकिस्तान में जारी संघर्ष उसका आंतरिक मामला है



और अफगानिस्तान को दोष देना अनुचित है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अफगानिस्तान में मौजूद नहीं है; जो लोग हैं, वे पाकिस्तान के विस्थापित शरणार्थी हैं। अफगान सेना की चार घंटे की जवाबी कार्रवाई सफल रही और किसी नागरिक को हानि नहीं हुई।

**भारत-अफगान सहयोग** भारत यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से व्यापार, विकास और निवेश पर चर्चा की। भारत ने काबुल में तकनीकी मिशन को दूतावास स्तर तक बढ़ाने और अफगान राजनयिकों को नई दिल्ली भेजने की पुष्टि की। दोनों देशों ने संयुक्त व्यापार समिति बनाने और वीज़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्रों में सुविधा बढ़ाने पर सहमति जताई।

**धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण** : मुत्ताकी ने अफगान शासन को इस्लामी सिद्धांतों पर आधारित बताया, जिसमें स्त्री-पुरुष दोनों के अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने तालिबान द्वारा विरोधियों को माफ करने और देश में स्थायी शांति स्थापित करने के प्रयासों की जानकारी दी। झंडे को उन्होंने अपने प्रतीक के रूप में स्वीकार किया।

## दुर्गापुर गैंगरेप मामले में ममता का अजीबोगरीब बयान, कहा-दूसरे राज्यों से आई लड़कियों को देर रात बाहर नहीं जाना चाहिए

### - सीएम ममता बनर्जी के बयान पर विपक्षी दलों ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**कोलकाता,** (हि.स.)।

1. **महिला कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने इसे 'पीड़िता को दोष देने वाली मानसिकता' करार दिया।**

--------------------

2. **मुख्यमंत्री ने निजी मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा जिम्मेदारी को भी रेखांकित किया।**

--------------------

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में शुक्रवार रात एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की शाकींग घटना हुई। ओडिशा के



बालेश्वर जिले की जलेश्वर निवासी छात्रा अपने दोस्त के साथ भोजन के लिए कॉलेज से बाहर गई थी, तभी कुछ लोगों ने उसे अगवा कर यौन अपराध का शिकार बनाया। पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश जारी है।

**मुख्यमंत्री का विवादित बयान** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छात्राओं, खासकर राज्य के बाहर से आने वाली लड़कियों को हॉस्टल के नियमों का पालन करना चाहिए और रात में बाहर नहीं जाना चाहिए। उनके इस बयान को कई सामाजिक संगठनों और विपक्षी दलों ने 'पीड़िता को दोष देने वाली मानसिकता' बताया।

**कॉलेज की जिम्मेदारी** ममता बनर्जी ने कहा कि जिस निजी मेडिकल कॉलेज में छात्रा पढ़ती थी, उसकी भी जिम्मेदारी बनती है कि वह कैंपस और आसपास के इलाके में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे।

**विपक्ष और कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया** : महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसी लड़की के रात में बाहर जाने का मतलब यह नहीं कि अपराध करने का अधिकार किसी को मिल गया। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

# बिहार में भाजपा व जदयू 101-101, चिराग 29 और मांझी-कुशवाहा की पार्टी 6-6 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रविवार को दी।




धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, " हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। भाजपा-101, जदयू 101, लोजपा (आर) -29, आरएलएम-06 और हम -06 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।" उन्होंने आगे लिखा," एनडीए के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इसका हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।"

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा, "भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हम एनडीए के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साथी इसका हर्ष के साथ स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रचंड बहुमत के साथ फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित एवं एकजुट हैं।" उन्होंने लिखा, 'बिहार है तैयार, फिर से एनडीए सरकार।"

बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि संगठित व समर्पित राजग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का हर्षपूर्वक स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से राजग की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं।

दरअसल, सीट बंटवारे से ये साफ हो गया कि अब बिहार राजग में कोई बड़ा भाई नहीं है। भाजपा और जदयू इस बार बराबर-बराबर यानी 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि इसके पहले के सभी विधानसभा चुनावों में नीतीश कुमार की पार्टी को भाजपा से अधिक सीटें मिलती थी। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी को मनमुताबिक सीटें नहीं मिली है। वह 15-20 सीट चाहते थे, लेकिन मात्र 6 सीटें मिलीं। 2020 की तुलना में उनको एक सीट का घाटा हुआ है। पिछली बार उन्होंने 7 सीटों पर चुनाव लड़कर 4 पर जीत हासिल की थी । लेकिन इस बार 15 की मांग के बावजूद सीट बढ़ाने की बजाय कम कर दी गई।

# राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों ने एक दूसरे के खिलाफ दर्ज करवाई प्राथमिकी

**पटना/डेहरी आनसोन,** ( हि.स.)। बिहार में रोहतास जिले के डेहरी विधानसभा क्षेत्र के आयरकोठा थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव में क्षेत्र भ्रमण कर लौट रहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दोनों तरफ से दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है।





आयरकोठा के थानाध्यक्ष शिवम कुमार के अनुसार शिवपुरी गांव से कार्यक्रम कर लौट रहे राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह और ग्रामीणों के बीच हंगामा एवं मारपीट मामले में दोनों ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। घटना के वीडियो फुटेज भी प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शिवपुर गांव से कार्यक्रम पर लौट रहे राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह चिलबिला गांव गए थे। वहां विधायक से नाराज ग्रामीणों ने कहा कि आप पांच वर्ष बाद यहां आए हैं। साथ ही विधायक को काली मंदिर में दर्शन करने की बात कही, जिस पर विधायक ने दर्शन करने से मना कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने विधायक की गाड़ी को रोक कर मुर्दाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। इससे नाराज विधायक के बाडीगार्ड और ग्रामीणों के बीच कहासुनी व मारपीट हो गई।

विधायक पर गांव के ही युवक राहुल कुमार को अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाने का आरोप है। ग्रामीणों के हल्ला हंगामा के बाद तेज रफ्तार गाड़ी से राहुल को नीचे फेंक दिया गया था, जिसमें उसे गंभीर छोट आई है। वहीं, विधायक ने बताया कि ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी पर पथराव और बॉडीगार्ड के साथ मारपीट की है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।-

# बिहार विधानसभा चुनाव : राजग ने किया सीट बंटवारे का ऐलान

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सीटों के बंटवारे का ऐलान रविवार शाम कर दिया है। भाजपा और जदयू दोनों दलों के खाते में 101 सीटें गई हैं। चिराग पासवान की पार्टी 29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रालोमो और हम को छह-छह सीटें दी गई हैं।




बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजग की ओर से जो घोषणा की गयी, उसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) (एलजेपी-आर) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी, जबकि जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के छह-छह उम्मीदवार किस्मत आजमाएंगे।

भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि संगठित और समर्पित राजग आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का हर्षपूर्वक स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से राजग की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। राजग में जो सीटों का बटबारा हुआ है वह इस प्रकार है। भाजपा – 101 सीट, जदयू – 101 सीट, लोजपा (रामविलास) – 29 सीट, रालोमो – 06 सीट, हम – 06 सीट।

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय झा ने भी सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि हम राजग गठबंधन के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। जदयू- 101, भाजपा- 101, लोजपा(आर)- 29, रालोमो- 06 और हम - 06 सीटों पर बिहार विधानसभा -2025 का चुनाव लड़ेगी।-

**12 से 16 अक्टूबर तक दो पालियों में प्रशिक्षणः जिला स्कूल व अनुग्रह विद्यालय में सुबह 10 से 1 बजे व दोपहर 2 से 5 बजे तक चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हो रहा है।**

-------------------

**CTE में मतगणना कर्मियों का विशेष प्रशिक्षणः 15-16 अक्टूबर को मतगणना माइक्रो ऑब्जर्वर, पर्यवेक्षक और सहायक के लिए गणना प्रक्रिया व रिपोर्टिंग प्रणाली पर प्रशिक्षण होगा।**

# लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव दिल्ली रवाना, ज़मीन के बदले नौकरी मामले में 13 अक्टूबर को आ सकता है फैसला

## CBI की विशेष अदालत ने 25 अगस्त 2025 को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था

**पटना** (हि.स.)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में जमीन के बदले नौकरी मामले में सुनवाई का फैसला होना है। इसलिए वे तीनों आज दिल्ली गए हैं।



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने 25 अगस्त 2025 को अपनी सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने और सबूत देखने के बाद सुनवाई के लिए अगली तारीख 13 अक्टूबर निर्धारित की थी।

दरअसल, साल 2004 से 2009 के बीच जब लालू यादव रेल मंत्री थे, तब पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर जोन में ग्रुप-डी पदों पर नियुक्ति हुई थी। आरोप है कि लालू यादव ने नौकरी के बदले अभ्यर्थियों से अपने परिवार और सहयोगियों के नाम पर जमीन ट्रांसफर करवाई। 18 मई 2022 को सीबीआई ने लालू यादव के अलावा राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

दिल्ली रवाना होने से पहले आज पटना हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, "मेरी ओर से नौकरी देने की घोषणा पर सत्ता पक्ष के लोग परेशान हो रहे हैं, लेकिन मैंने जो कहा है, वो करूंगा। जिस परिवार में सरकारी नौकरी नहीं है, उस परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी मिलेगी।"

तेजस्वी यादव ने कहा कि जब हम सरकार में थे, तब लाखों बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी दी। बिहार के युवा भी यह जानते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को पता है कि कौन उनके लिए कार्य कर सकता है।

दिल्ली जाने के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "कोर्ट ने बुलाया है, इसलिए जा रहा हूं।"

# राजद विधायक विभा देवी और प्रकाश वीर ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा अपना इस्तीफा

**पटना** (हि.स.)।

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 की सरगर्मी के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं का पाला बदलना लगातार जारी है। इसी क्रम में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के दो विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है, जिसमें नवादा जिले की विधायक विभा देवी और रजौली से विधायक प्रकाश वीर शामिल हैं।




बिहार विधानसभा अध्यक्ष के नंदकिशोर यादव से मिलकर दोनों विधायकों ने उन्हें इस्तीफा सौंपा, जिसे विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। हालांकि, विधानसभा सचिवालय की ओर से अभी तक पत्र जारी नहीं हुआ है। राजद के दोनों विधायक विभा देवी और प्रकाश वीर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं के संपर्क में है। कयास लगाए जा रहे हैं कि राजग के टिकट पर दोनों विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं।

बीते दिनों गयाजी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भी विभा देवी और प्रकाश वीर को एक साथ मंच पर देखा गया था। इससे पहले भी राजद के शिवहर से विधायक चेतन आनंद, भभुआ के राजद विधायक भरत बिंद और मोहनिया की संगीता कुमारी ने इस्तीफा दिया था। कांग्रेस के मुरारी गौतम ने भी इस्तीफा दे दिया है।

ऐसा माना जा रहा है कि राजद और कांग्रेस के विधायकों को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) टिकट देगी। क्योंकि इसमें से कई विधायकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2024 में फिर से राजग में वापस लौटने और सरकार के विश्वास मत के दौरान समर्थन दिया था। हालांकि, सूर्यगढ़ा के राजद विधायक प्रहलाद यादव को लेकर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है।-

# सूचना के अधिकार क़ानून पर मोदी–नीतीश सरकार का हमला : अभय दुबे

**पटना** (हि.स.)।

बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। अभय दुबे ने कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 12 अक्टूबर 2005 को डॉ. मनमोहन सिंह और श्रीमती सोनिया गांधी के नेतृत्व में पारित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह कानून नागरिकों के संवैधानिक और सामाजिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया। आरटीआई के जरिए लाखों नागरिकों ने राशन, पेंशन, मज़दूरी, छात्रवृत्ति और अन्य योजनाओं का लाभ उठाया।



**मोदी–नीतीश सरकार पर आरोप** : अभय दुबे ने कहा कि पिछले दशक में विशेषकर मोदी–नीतीश सरकार के दौरान आरटीआई कानून की आत्मा को कमजोर करने की कोशिश हुई है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बताया। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार तालिबानी संस्कृति थोपने का प्रयास कर रही है। उन्होंने हाल ही में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के आगमन पर महिला पत्रकारों को सम्मेलन में जाने से रोकने की घटना का उदाहरण दिया।

**महिला पत्रकारों के अधिकार पर हमला** : राजेश राठौड़ ने कहा कि भारत में हमेशा महिलाओं का सम्मान रहा है और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जैसी सशक्त महिलाओं ने नेतृत्व किया। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय और नदीम अख्तर अंसारी भी उपस्थित रहे।

# नवजात शिशु के खरीद-फरोख्त गिरोह का सारण पुलिस ने किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, शिशु सकुशल बरामद

**पटना** (हि.स.)।

**01 : आरोपी हरिकिशोर प्रसाद और उपेन्द्र सिंह ने शिशु को 5 लाख रुपये में बेचने की योजना बनाई।**

-------------------

**02 : सोनु गिरी को बड़ोदरा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर सारण लाया गया।**

-------------------

**03 : नवजात शिशु को सिवान जिले के ग्राम उखई स्थित घर से सकुशल बरामद किया गया।**

-------------------

सारण पुलिस ने नवजात शिशु की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिशु को सकुशल बरामद कर लिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि 26 सितंबर 2025 को जनता बाजार थाना में एक महिला द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन में आरोप था कि हरिकिशोर प्रसाद और उसका भाई उपेन्द्र सिंह, जो फर्जी क्लिनिक "माँ दुर्गा नर्सिंग होम" चलाते हैं, ने महिला के प्रसव के बाद शिशु को जबरन छीन लिया और उसे बेच दिया।



**विशेष पुलिस टीम ने किया सघन अनुसंधान** : वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से कार्यवाही की। पुलिस टीम ने 27 सितंबर को हरिकिशोर प्रसाद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके भाई उपेन्द्र सिंह ने अपने साथी सोनु गिरी के माध्यम से नवजात शिशु को 5 लाख रुपये में किसी व्यक्ति को बेच दिया था। इस खुलासे के बाद पुलिस ने अनुसंधान को और गहरा कर दिया।

**सहयोग से हुई शिशु बरामदगी**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य प्रियंका कानूनगो के पत्र के आलोक में सारण पुलिस ने मिशन मुक्ति फाउंडेशन और रेस्क्यू फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से बड़ोदरा पुलिस टीम की मदद से सोनु गिरी को गिरफ्तार किया। उसे ट्रांजिट रिमांड पर सारण लाया गया। उसकी निशानदेही पर नवजात शिशु को सिवान जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम उखई स्थित नीरज पासवान के घर से सकुशल बरामद किया गया।

**आगे की कार्रवाई और पुलिस की अपील** : सारण पुलिस ने बताया कि प्रकरण का अनुसंधान जारी है और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। फर्जी क्लिनिक की जांच भी की जा रही है, और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें इस प्रकार की कोई सूचना या जानकारी हो, तो वे "आवाज दो" हेल्पलाइन नंबर 9031600191 पर सूचना दें। गिरफ्तार आरोपी हरिकिशोर प्रसाद, सोनु गिरी और नीरज पासवान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और शीघ्र ही स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

# पूर्णिया में विधानसभा चुनावको लेकर जिले के सातों सीटों के लिए आज से शुरू होगा नामांकन

## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने की पूरी तैयारी, नामांकन प्रक्रिया से पहले सुरक्षा कड़ी,111 का प्रस्ताव 75 पर सीसीए

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

------------------------------

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर पूर्णिया जिले में सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से प्रारंभ होगी। ईससे पूर्व रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने संयुक्त रूप से सभी कोषागो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



चुनावी तैयारियों का जायजा लेते डीएम ,एसपी और उपस्थित अधिकारी

**नामांकन की प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों का नामांकन चारों अनुमंडल कार्यालयों में किया जाएगा। नामांकन स्थल से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने नामांकन के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने कहा कि बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता तरीके से तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक 111 अपराधियों के खिलाफ सीसीए (काउंटर क्रिमिनल एक्ट) का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसमें 75 लोगों के खिलाफ सीसीएस लगाया गया है और उन्हें जिला बदर और थाना बदर किया जा रहा है।

### धारा 144 और सुरक्षा व्यवस्था

नामांकन स्थल से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी। पुलिस ने बैरिकेडिंग और पूरी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) और राज्य पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है।

**1-अब तक** 111 अपराधियों के विरुद्ध काउंटर क्रिमिनल एक्ट (सीसीए) का प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें से 75 लोगों के खिलाफ सीसीएस

**2-** नामांकन स्थल से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू रहेगी।

**स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव की गारंटी**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया स्वच्छ और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होगी। इसके लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) और अन्य पुलिस बल की पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन प्रक्रिया में भाग लें और किसी भी तरह की अनियमितता की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### कितनों पर और क्यों लगाया सीसीए

पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने बताया कि अब तक 111 अपराधियों के विरुद्ध काउंटर क्रिमिनल एक्ट (सीसीए) का प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें से 75 लोगों के खिलाफ सीसीएस (सख्त सुरक्षा निगरानी) लगाकर उन्हें जिला और थाना बदर किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इन अपराधियों पर नामांकन प्रक्रिया में बाधा डालने, हिंसा फैलाने या चुनाव को असुरक्षित बनाने की आशंका थी, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया।

**जिला प्रशासन का संदेश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे नामांकन प्रक्रिया में सहयोग करें और निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता मतदाता और उम्मीदवारों की सुरक्षा के साथ-साथ निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है।

## जलालगढ़ थाना ने 91.510 लीटर विदेशी शराब बरामद, फरार अभियुक्तों की तलाश जारी

------------------------------

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

जलालगढ़ थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नशा के विरुद्ध कार्यवाई करते हए कुल 91.510 लीटर विदेशी शराब बरामद की।

इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए ,जलालगढ़ पुलिस ने बताया कि बरामद शराब के संबंध में अभी तक कोई अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हुआ है इस मामले मे संलिप्त और और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है।पुलिस ने आम जनता से नशा के कारोबारियों की गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है

## डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

रविवार को विधायक जन सम्पर्क कार्यालय मे समाजवाद के प्रणेता एवं महान विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर परश्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने डॉ. लोहिया के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सादगी, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय की भावना के साथ देश की राजनीति में समानता और जनसेवा का संदेश दिया।

मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार और अवसर पहुंचाने का जो संकल्प लिया था, वह आज भी प्रासंगिक है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों का अनुकरण करने और समाज में समानता, भाईचारे एवं जनहित के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## निरीक्षण : विधानसभा चुनाव की तैयारियों का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के दृष्टिगत रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों और कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में शामिल थे:

- » जिला परिषद अतिथिगृह पूर्णिया
- » सर्किट हाउस
- » पूर्णिया कॉलेज और जिला स्कूल
- » कोऑपरेटिव बैंक एवं व्यय कोषांग
- » ईवीएम वेयर हाउस
- » जिला नियंत्रण कक्ष



**निर्देश और गुणवत्ता पर जोर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने अधिकारियों को चुनाव संबंधी सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाना है।

**सुरक्षा और निगरानी**

पुलिस अधीक्षक सुश्री स्वीटी सेहरावत ने सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम वेयर हाउस की निगरानी और जिला नियंत्रण कक्ष की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सतत समीक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी तरह की त्रुटि से बचने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

**जिला प्रशासन का संदेश**

अधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सभी विभाग सहयोग करेंगे और मतदाता एवं उम्मीदवारों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सुरक्षित, व्यवस्थित और सहज रूप से संपन्न होगी।

## विधानसभा चुनाव : परिवहन व्यवस्था को लेकर बस मालिकों के साथ बैठक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार को जिला परिवहन कोषांग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी परिवहन कोषांग सह जिला परिवहन पदाधिकारी शंकर शरण ओमी ने की।

**बस एसोसिएशन और बस मालिकों से संवाद**

बैठक में बस एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बस मालिक उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य आगामी चुनावी कार्यों में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा मतदान कर्मियों एवं सामग्री के सुरक्षित आवागमन की तैयारी पर चर्चा करना था।



**अधिकारियों की उपस्थिति और मुख्य बिंदु**

इस अवसर पर वाहन कोषांग की सुश्री शिलिमा, वरीय उप समाहर्ता श्री गौतम कुमार, ए०डी०टी०ओ० (ADTO) श्री निरंजन कुमार एवं एम०वी०आई० (MVI) भी उपस्थित थे। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि चुनाव अवधि के दौरान पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध रहें और किसी भी परिस्थिति में परिवहन व्यवस्था बाधित न हो।

**चुनाव के सुचारू संचालन पर जोर**

नोडल पदाधिकारी श्री ओमी ने कहा कि सभी परिवहन कर्मी चुनाव कार्यों में प्रशासन के सहयोगी के रूप में जिम्मेदारीपूर्वक योगदान दें

## 12 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

के0हाट थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुये 12 लीटर देशी शराब जब्त की। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों में विनोद मंडल, उम्र 62 वर्ष, पिता स्व0 धनेश्वर मंडल, निवासी ब्रजेशनगर, थाना के0हाट।

सुशील कुमार, उम्र 40 वर्ष, पिता राजेश्वर ठाकुर, निवासी शारदानगर, थाना सहायक खजांची शामिल हैं ।

के0हाट थाना पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्त जिला पूर्णिया के निवासी हैं और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## जी.डी. गोयंका स्कूल में आज गणेश आचार्य का आगमन

### स्कूल में गणेश आचार्य संग डांस वर्कशॉप व प्रेस मीट

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

पूर्णिया के जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल में सोमवार, 13 अक्टूबर को बॉलीवुड के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर गणेश आचार्य की मौजूदगी में एक विशेष डांस वर्कशॉप और प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन गणेश आचार्य डांस अकादमी की ओर से किया जा रहा है।

इसकी जानकारी विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई,उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बॉलीवुड के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर गणेश आचार्य प्रातः 10:00 बजे विद्यालय परिसर में पहुंचेंगे और सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक विद्यार्थियों के साथ विभिन्न डांस ट्रेनिंग सेशन एवं परफॉर्मेंस वर्कशॉप करेंगे। इस



दौरान बच्चों को बॉलीवुड डांस की नई तकनीकों, एक्सप्रेशन और परफॉर्मेंस स्किल्स की जानकारी दी जाएगी।

इसके उपरांत अपराह्न 2:00 बजे से 2:15 बजे तक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा, जिसमें श्री गणेश आचार्य मीडिया से संवाद करेंगे और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी मीडिया प्रतिनिधियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किया जाएगा।

विद्यालय परिवार ने पूर्णिया और आसपास के सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्रतिनिधियों से इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## त्यौहार पर ग्राहकों के लिए तैयार उषा हीरो और श्री हीरो में : ऑफर्स की बारिश

### हर दोपहिया पर मिलेगा दो गारंटीड उपहार, जीएसटी कटौती के बाद कीमतें और भी किफायती

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

------------------------------

**अब तक 150 से अधिक बुकिंग्स की जा चुकी हैं : सिद्धार्थ प्रताप**

------------------------------

हर वर्ष की तरह इस बार भी उषा हीरो और श्री हीरो ने त्यौहारों के अवसर पर अपने शोरूम को पूरी तरह सजा-संवार लिया है। दोनों ही डीलरशिप की चमकदार सजावट ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। इस बार त्यौहार पर कीमतों में कमी और कई विशेष ऑफर्स ग्राहकों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आए हैं।




एक कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए सिद्धार्थ प्रताप ने बताया कि इस साल हीरो की किसी भी दोपहिया गाड़ी की खरीद पर कम से कम दो उपहार ग्राहकों को सुनिश्चित रूप से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि उपहारों में 100% कैशबैक, सोने या चांदी का सिक्का, चांदी का मोमेंटो, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और ई-वाउचर जैसे आकर्षक तोहफे शामिल हैं।

**ग्लैमर एक्स बनी ग्राहकों की पहली पसंद**

इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए श्री आशीष और श्री ब्रजेश ने बताया कि इस समय हीरो की नई मोटरसाइकिल "ग्लैमर एक्स" ग्राहकों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रही है। इसमें राइड मोड और क्रूज़ कंट्रोल जैसे आधुनिक फीचर्स हैं, जो इसे अपने सेगमेंट की अन्य मोटरसाइकिलों से अलग बनाते हैं। इसके अलावा एचएफ डीलक्स प्रो का नया वर्ज़न भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

**विशेष फाइनेंस और एक्सक्लूसिव ऑफर्स**

उन्होंने बताया कि इस बार हीरो ने स्पेशल सबवेंशन स्कीम भी लागू की है, जिसके तहत ग्राहकों को नकद और ब्याज दोनों में बचत का लाभ मिलेगा। साथ ही, फुल बुकिंग करने वाले ग्राहकों को अतिरिक्त उपहार, ऑनलाइन बुकिंग पर ₹6,000 तक की छूट, और एक्स्ट्रीम 125 पर भी आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की गई है।

**अब तक 150 से अधिक बुकिंग्स की जा चुकी हैं**

श्री सिद्धार्थ प्रताप ने जानकारी दी कि अब तक 150 से अधिक बुकिंग्स की जा चुकी हैं, जिनमें सबसे अधिक पूछताछ ग्लैमर एक्स मॉडल के लिए हो रही है। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए 6 डेमो व्हीकल्स टेस्ट राइड के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

**हर ग्राहक के लिए तैयार ऑफर्स और उपहारों की सौगात**

दोनों डीलरशिप्स ने आश्वस्त किया कि वे इस त्यौहार सीज़न में ग्राहकों के स्वागत और संतुष्टि के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हर खरीददार को दो गारंटीड उपहार के साथ अनेक आकर्षक ऑफर्स की सौगात दी जाएगी।

# सख्ती : पूर्णिया में विधानसभा चुनाव से पहले सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई : अवैध शराब और वाहन जांच अभियान तेज


**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के दिशा निर्देश पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुरक्षा और कानून व्यवस्था कड़ी करने के लिए व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। रविवार को पूर्णिया पुलिस ने केन्द्रीय पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच और अवैध शराब के खिलाफ विशेष कार्रवाई की।

**शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन जांच का जोर**

पुलिस और सुरक्षा बल के संयुक्त अभियान के तहत जिले के रूपौली, बलिया, डगरूआ और जानकीनगर थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस और केन्द्रीय बलों ने संदिग्ध वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन जांच से सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की

### शहर की सड़कों से लेकर गांव तक सुरक्षा बल के जवानों के साथ पुलिस ने चलाया सख्त अभियान



### प्रशासनिक सख्ती और प्रशासन का संदेश, चुनाव के दौरान कानून का पालन अनिवार्य

जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह स्पष्ट संदेश गया कि चुनाव के दौरान कानून का पालन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में टीमों की निगरानी बढ़ाई गई है।





### अवैध शराब तस्करी पर नियंत्रण

अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त की। वही अबैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया ! पुलिस सूत्रों से मिकी जानकारी के मुताबिक चुनावी माहौल को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का पालन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी चौक-चौराहों पर टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की।



कानून-व्यवस्था की समस्या को रोकने में मदद मिलेगी।

**प्रशासनिक सख्ती और संदेश**

जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह स्पष्ट संदेश गया कि चुनाव के दौरान कानून का पालन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में टीमों की निगरानी बढ़ाई गई है।

**जनता की प्रतिक्रिया और प्रभाव**

स्थानीय लोगों ने पुलिस और सुरक्षा बलों की सक्रियता की सराहना की। उनका कहना है कि इस अभियान से न केवल अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर रोक लगेगी बल्कि चुनावी माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। वाहन जांच और सुरक्षा बलों की मौजूदगी से ग्रामीणों में प्रशासनिक सख्ती का भरोसा भी बढ़ा है।

**जारी रहेगी आगे की कार्रवाई**

पुलिस ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव तक यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शहर और गांव दोनों में निगरानी बढ़ाकर, अवैध गतिविधियों और अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाएगा। प्रशासन का यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो।

# चम्पानगर में त्रिदिवसीय 20वां वार्षिक संतमत सत्संग संपन्न

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

### आध्यात्म, ज्ञान और भक्ति योग के साथ श्रद्धालुओं ने अनुभव किया दिव्य सुख

नगर पंचायत चम्पानगर के महर्षि मेंही धाम संतमत सत्संग मंदिर में 10 से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित त्रिदिवसीय 20वां वार्षिक संतमत सत्संग रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आध्यात्म, ज्ञान, वैराग्य और ध्यान साधना के साथ दिव्य प्रवचनों का आयोजन किया गया।

समापन अवसर परप्रातःकालीन सत्र में भागलपुर कुप्पा घाट धाम के संत परम पूज्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज ने जड़ और चेतन विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि



"शरीर मनुष्य का जड़ है, वहीं आत्मा चेतन। चेतन को जड़ से अलग किया जाए तो परमात्मा का दर्शन संभव है। इसके लिए भक्ति, योग, ध्यान और समर्पण का ज्ञान आवश्यक है।"

दोपहर सत्र में उन्होंने भक्ति योग और रामचरित मानस में उल्लिखित नवधारणा भक्ति में शबरी-राम संवाद पर चर्चा की। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने जीवन में श्रद्धा, प्रेम और समर्पण उतारने की अपील की। कार्यक्रम में कृत्यानंद नगर संतमत सत्संग आश्रम के संत सुरेन्द्र बाबा और चम्पानगर के संत महेन्द्र बाबा ने भजन के साथ प्रवचन देकर अलोकीक सुख के विषय पर प्रकाश डाला।

त्रिदिवसीय सत्संग के समापन अवसर पर आयोजकों द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और गंगा में भजन-कीर्तन एवं प्रवचन सुनते हुए ईश्वरीय लीनता का अनुभव किया। संध्या बेला में विदाई गीत और आरती भजन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

# मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन

## 11 नवंबर 2025 को वे अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पूर्णिया के दिशा-निर्देश में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग और जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) के नेतृत्व में महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा जिले में व्यापक मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत पिछले चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत कम रहा था, उन केंद्रों के मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें मतदान के महत्व, प्रक्रिया और लोकतंत्र में भागीदारी के बारे में जानकारी दी गई। महिला पर्यवेक्षिकाओं ने मतदाताओं को विशेष रूप से यह संदेश



दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण में पूर्णिया के लिए निर्धारित तिथि 11 नवंबर 2025 को वे अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

अभियान का उद्देश्य न केवल मतदान प्रतिशत बढ़ाना है, बल्कि मतदाताओं में यह समझ पैदा करना भी है कि लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी और अपने मत का सम्मान करना हर नागरिक का नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है। इस दौरान मतदाताओं को प्रेरित किया गया कि वे अपने मत का सम्मान करें और मतदान के अवसर को संजीदगी से अपनाएं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा, “समझदार मतदाताओं की पहचान यही है कि वे अपने मत का सम्मान करें और लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं।” इस जागरूकता अभियान से स्थानीय लोगों में चुनाव में भागीदारी और सक्रियता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# शराब के खिलाफ छापामारी में दो को किया गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

के0 नगर थाना की पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी करते हुए 10 लीटर देशी शराब जब्त की। इस कार्रवाई में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त हैं:**

अनिल सोरेन, उम्र 26 वर्ष, पिता छोटे लाल सोरेन, निवासी देवी नगर सेमुदी, वार्ड नं0-7, थाना के0 नगर, जिला पूर्णिया।

सिकंदर टुडू, उम्र 18 वर्ष, पिता मंजू टुडू, निवासी रिकाबगंज, थाना के0 नगर, जिला पूर्णिया।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध शराब की तस्करी और बिक्री को रोकने के लिए की गई। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रशासन ने इस सफलता को सतर्कता और गुप्त सूचना प्रणाली की प्रभावशीलता का परिणाम बताया।

अधिकारीयों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध शराब या नशीली वस्तुओं से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस तक पहुंचाएँ, ताकि समाज में नशामुक्त वातावरण बनाए रखा जा सके। इस प्रकार की कार्रवाई से पुलिस और प्रशासन ने यह संदेश दिया कि अवैध शराब और नशीली वस्तुओं की गतिविधियों पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है और किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जानकीनगर थाना ने 215.8 लीटर कोडीनयुक्त सिरप के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जानकीनगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 215.8 लीटर कोडीनयुक्त सिरप जब्त किया। इस कार्रवाई में एक अभियुक्त, दिलीप कुमार यादव (उम्र 58 वर्ष, पिता स्व0 सत्यनारायण यादव, निवासी छर्रापट्टी वार्ड नं0-12, थाना जानकीनगर, जिला पूर्णिया) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई समाज में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री और तस्करी को रोकने के उद्देश्य





से की गई। आरोपी से संबंधित अतिरिक्त जांच और अग्रिम कार्रवाई जारी है। वहीं, थाना प्रशासन ने इस सफलता को सुरक्षा बलों की सतर्कता और गुप्त सूचना प्रणाली की प्रभावशीलता का परिणाम बताया।

अधिकारीयों ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में नशा मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# ब्राह्माकुमारी संस्था के महासचिव बी.के. ब्रिजमोहन भाई का निधन,

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी स्थानीय शाखा, पूर्णिया के बी.के. मुकुट मणि ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय, माउंट आबू, राजस्थान के महासचिव और मुख्य प्रवक्ता बी.के. ब्रिजमोहन भाई का निधन हो गया है। वह 92 वर्ष के थे।

बी.के. ब्रिजमोहन भाई एक प्रेरक वक्ता, लेखक और प्रसारक थे, जिन्होंने गहरे आध्यात्मिक सत्य को प्रस्तुत करने की अद्वितीय क्षमता रखी। उनके निधन पर समाज और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।



उनका जीवन आध्यात्मिक सेवा को समर्पित रहा। बी.के. ब्रिजमोहन भाई की शिक्षाएं और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। उनके अनुयायी उन्हें हमेशा अपने हृदय में याद रखेंगे और उनकी आध्यात्मिक यात्रा से मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे।

बी.के. मुकुट मणि ने कहा, “ब्रिजमोहन जी का निधन हमारे लिए एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनकी शिक्षाएं और विचार हमेशा जीवित रहेंगे और आने वाले समय में भी लोगों के लिए प्रेरणा का मार्गदर्शन बनेंगे।”

# श्रीनगर थाना ने 12 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल श्रीनगर**

श्रीनगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 12 लीटर देशी शराब जब्त की। इस छापामारी में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त हैंः

रामदेव उरांव, उम्र 55 वर्ष, पिता स्व0 रामेश्वर उरांव, निवासी कदगामा उरांव टोल, थाना श्रीनगर, जिला पूर्णिया।

श्यामलाल उरांव, उम्र 58 वर्ष, पिता स्व0 छेदी उरांव, निवासी चकमका, वार्ड नं0-09, थाना चकमका ओ0पी0, जिला पूर्णिया।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध शराब की तस्करी और बिक्री को रोकने के उद्देश्य से की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रशासन ने इस सफलता को सतर्कता और गुप्त सूचना प्रणाली की प्रभावशीलता का परिणाम बताया।

अधिकारीयों ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध शराब या नशीली वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाएँ, ताकि समाज में नशा मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस तरह की कार्रवाई से पुलिस यह संदेश देना चाहती है कि अवैध शराब की तस्करी और बिक्री को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# सख्ती : दलखोला चेक पोस्ट पर मोटरसाइकिल से दो लाख पांच हजार रुपये बरामदकिए गए जप्त

## बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत MULTI AGENCY CHECKPOST में संयुक्त दल ने की कार्रवाई, नगदी बरामद होने पर वाहन जब्त

**, न्यूज स्केल :बनमनखी**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा०प्र०से०) के दिशा निर्देश में दलखोला MULTI AGENCY CHECKPOST पर रविवार को सख्ती एवं जांच अभियान संचालित किया गया। इस अभियान में श्री शिव नारायण पासवान, राज्य कर संयुक्त आयुक्त, श्री कुशेश्वर राउत, राज्य कर उपायुक्त, श्री निरज कुमार रंजन, सहायक आयुक्त मद्य निषेध, श्री अमित कुमार, ओ. पी. प्रभारी डंगराहा, श्री प्रशांत कुमार यादव, FST चिड़ैया, और श्री एस रहमानी, राजस्व अधिकारी



बायसी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

**दो लाख पांच हजार रुपये बरामद हुए**

जांच के दौरान किशनगंज के निवासी आरिफ अंसारी, पिता अब्दुल रज्जाक को रोका गया। उसके मोटरसाइकिल से कुल दो लाख पांच हजार रुपये बरामद हुए। जब्त की गई राशि के संबंध में आरोपी कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका, जिसके कारण नगदी और वाहन दोनों को प्रशासनिक नियमों के तहत जब्त कर लिया गया।

**1-किशनगंज निवासी आरिफ अंसारी से 2,05,000 रुपये बरामद।**
**2-मोटरसाइकिल और नगदी प्रशासनिक नियमों के तहत जब्त।**
**3 -दलखोला चेक पोस्ट पर MULTI AGENCY टीम ने की सख्त कार्रवाई।**
**4 -चुनावी प्रक्रिया में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर।**
**प्रशासन ने जनता को हिदायत दी सतर्क रहने की।**

**अवैध लेनदेन और संदिग्ध गतिविधियों पर है नजर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी चेक पोस्ट पर इस तरह की कार्रवाई की जाएगी ताकि अवैध लेनदेन और संदिग्ध गतिविधियों को रोका जा सके।

**संदेहास्पद धनराशि या अवैध गतिविधि से दूर रहें**

प्रशासन ने नागरिकों और वाहन चालकों को हिदायत दी है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की संदेहास्पद धनराशि या अवैध गतिविधि से दूर रहें। जिले के विभिन्न MULTI AGENCY CHECKPOST पर इस तरह की सतत निगरानी जारी रहेगी, ताकि विधानसभा चुनाव 2025 निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न हो सके।

इस कार्रवाई से यह संदेश भी गया कि चुनावी सख्ती के मद्देनजर किसी भी संदिग्ध गतिविधि को प्रशासन बर्दाश्त नहीं करेगा और कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की

# रुपौली विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, ECINET ऐप के उपयोग पर दिया विस्तृत प्रशिक्षण

**न्यूज स्केल रुपौली**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के अंतर्गत रुपौली विधानसभा क्षेत्र में रविवार को बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक निर्वाची पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी के नगर द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित फैसिलिटी भवन में किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के दिशा



निर्देश के आलोक में आयोजित इस प्रशिक्षण में रुपौली विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ECINET ऐप को डाउनलोड और उपयोग करने की प्रक्रियाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीएलओ को कॉल रिक्वेस्ट की समीक्षा, संबंधित डेटा का निष्पादन और ऐप के माध्यम से मतदाता संबंधी जानकारी के प्रबंधन की सभी प्रक्रियाओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षकों ने बीएलओ को ऐप के विभिन्न फीचर्स, डेटा एंट्री और रिपोर्टिंग प्रक्रिया के बारे में भी मार्गदर्शन किया। सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण बीएलओ को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता जानकारी को सही और समय पर अपडेट करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। बीएलओ प्रशिक्षण से सुनिश्चित होगा कि चुनावी प्रक्रियाएं पारदर्शी, सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित हों।

# पूर्णिया में आज मौसम साफ, दिन में हल्की गर्मी और शाम को मिलेगी राहत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया में आज का मौसम सामान्य और सुहावना बना हुआ है। सुबह के समय हल्की ठंडक और साफ आसमान के साथ दिन की शुरुआत हुई। दिन चढ़ने के साथ धूप तेज होने लगी है और दोपहर तक तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। आसमान अधिकतर साफ रहेगा और बारिश या बादल छाने की संभावना बहुत कम है। शाम के समय



हल्की ठंडी हवा चलेगी जिससे मौसम में कुछ राहत महसूस होगी, जबकि रात का तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

दिन के दौरान धूप थोड़ी तीखी हो सकती है, इसलिए बाहर निकलते समय छाता, सनग्लास और सनस्क्रीन का उपयोग करना लाभदायक रहेगा। अधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। शाम और रात के समय हल्की ठंड महसूस हो सकती है, इसलिए हल्का ऊनी वस्त्र पहनना उपयुक्त रहेगा। कुल मिलाकर, पूर्णिया में आज का दिन साफ और सुखद रहेगा तथा मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

# उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने जनता से संवाद को बताया जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया पूर्व प्रखण्ड क्षेत्र के वार्ड संख्या 09, 10, 11 और 12 में रविवार को उप महापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान के तहत जनता से मुलाकात की और जन संवाद किया। इस अवसर पर वार्ड वासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं की आत्मीयता और युवाओं के उत्साह ने जन संवादको ऊर्जासे भर दिया।



जनसंपर्क के दौरान उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जनता से संवाद ही जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम है, क्योंकि लोगों का विश्वास और प्रेम ही उनकी वास्तविक ताकत है।

उप महापौर ने कहा कि विभिन्न जनहितकारी योजनाएं धरातल पर प्रभावशाली ढंग से लागू की जा रही हैं।

उन्होंने ने कहा, "जनसेवा ही मेरा संकल्प, जनता ही मेरी शक्ति है। जनता के स्नेह और सहयोग से सेवा और विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ने का मेरा प्रण और भी मजबूत हुआ है।"

जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने उप महापौर को अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## विद्याविहार करियर प्लस में वीवीसीपीसैट-2025 परीक्षा का भव्य आयोजन

# छात्रों और अभिभावकों की रही उत्साहपूर्ण भागीदारी, बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**उत्साह और आत्मविश्वास के साथ हुआ परीक्षा का आयोजन**

शहर के नवरतन हाता स्थित विद्याविहार करियर प्लस सिटी सेंटर में रविवार को कक्षा IX एवं X के विद्यार्थियों के लिए वीवीसीपीसैट-2025 परीक्षा का भव्य आयोजन हुआ। सुबह से ही परीक्षा केंद्र पर छात्रों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भीड़ रही। छात्रों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना स्पष्ट झलक रही थी, वहीं अभिभावकों ने इस आयोजन को अत्यंत सराहनीय बताया।

निदेशक ने दी सफलता के लिए मार्गदर्शन



संस्थान के निदेशक प्रशांत शंकर ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, "सफलता पाने के लिए सही दिशा, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सबसे बड़ा मंत्र है।" उन्होंने विद्यार्थियों को प्रारंभिक अवस्था से ही जेईई, नीट, ओलंपियाड और सीयुईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की सुनियोजित तैयारी करने की प्रेरणा दी। शंकर ने यह भी जानकारी दी कि एसओएफ ओलंपियाड 2 और 3 दिसंबर को आयोजित होने जा रही है, और पूर्णिया जिला में इसका एकमात्र परीक्षा केंद्र वीवीसीपी बनाया गया है।

**बोर्ड परीक्षा के लिए जल्द शुरू होगा "एक्सीलेटर बैच"**

कार्यक्रम के समापन पर प्रशांत शंकर ने घोषणा की कि कक्षा X के वे विद्यार्थी जो वर्ष 2026 में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे, उनके लिए "एक्सीलेटर बैच" जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस बैच का उद्देश्य विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए मजबूत करना और उन्हें उत्कृष्ट परिणाम दिलाने में मदद करना है।

प्रेरणादायक संगति के साथ हुआ समापन

वीवीसीपीसैट-2025 न केवल एक परीक्षा रही, बल्कि छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुई। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उत्साह, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन की प्रेरणादायक संगति के साथ हुआ।


**शिक्षकों ने बताई परीक्षा सफलता की रणनीति**

गणित संकाय के शिक्षक एवं आईआईटी गुवाहाटी के पूर्व छात्र श्री आशीष सर ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव से निपटने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा, "यदि छात्र सही रणनीति और सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करें तो कोई भी परीक्षा कठिन नहीं होती।"

परीक्षा संचालन की संपूर्ण व्यवस्था सेंटर कोऑर्डिनेटर मनीष रंजन के नेतृत्व में संपन्न हुई। आशीष झा, विवेक कुमार, दीपक कुमार, मनीष कुमार, स्वाति किशोर, काजल कुमारी, संजना कुमारी एवं वर्षा सिंह की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भीसुचारू बनाया।

# ऑनलाइन गेम में हारे दो लाख तीस हजार, युवक ने खुद रची अपहरण की साजिश , समस्तीपुर से पुलिस ने किया बरामद

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी**



ऑनलाइन चिकन रोड गेम में दो लाख तीस हजार रुपये हार जाने के बाद 24 वर्षीय गौरव कुमार ने खुद के अपहरण की झूठी कहानी रच डाली। घटना 10 अक्टूबर 2025 की है, जब अपराह्न करीब 2.30 बजे औराही पंचायत के वार्ड संख्या तीन औराही गांव निवासी श्यामल चौधरी का पुत्र गौरव कुमार घर से अचानक गायब हो गया और कुछ देर बाद उसके पिता श्यामल चौधरी के मोबाइल पर व्हाट्सएप से फिरौती का संदेश आया। संदेश में दो लाख रुपये की मांग की गई थी।

घबराए पिता द्वारा तत्काल बड़हरा कोठी थाना में अपने पुत्र के अपहरण की शिकायत करते हुए कांड संख्या 219/2005 दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके बाद युवक को समस्तीपुर से सुरक्षित बरामद कर लिया गया।थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पूछताछ में गौरव ने स्वीकार किया कि उसने ऑनलाइन गेम में भारी रकम गंवा दी थी। डर और शर्म के कारण उसने खुद को अपहृत दिखाकर पिता से फिरौती मंगवाने की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि युवक को न्यायालय में प्रस्तुत करवाने की प्रक्रिया चल रही है और पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# टीकापट्टी थाना ने 55 लीटर देशी शराब जब्त :एक आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज स्केल बनमनखी**

टीकापट्टी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुल 55 लीटर देशी शराब जब्त की। इस दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अशोक हांसदा, उम्र 52 वर्ष, पिता स्व0 सोमरा हांसदा, निवासी संथाल टोला, वार्ड नं0 06, थाना टीकापट्टी, जिला पूर्णिया के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार आरोपी स्थानीय स्तर पर अवैध



शराब का कारोबार कर रहा था। इसके अलावा अन्य आरोपी भी इस अवैध धंधे में शामिल बताए जा रहे हैं। टीकापट्टी थाना पुलिस ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी और जांच जारी है।

पुलिस का यह कदम क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले की जांच अभी जारी है।

# पूर्णिया में नवजात को बोरे में फेंका, नि :संतान दंपति बने मसीहा

**भवानीपुर**

पूर्णिया जिले के भवानीपुर नगर पंचायत के तेलियारी गांव में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक निर्दयी मां ने अपने नवजात शिशु को बोरे में बंद कर बांसवाड़ी में फेंक दिया। उसी दौरान वहां से गुजर रहे ग्रामीण नरेश साह को बच्चे के रोने की आवाज सुनाई



दी। उन्होंने आवाज का पीछा करते हुए जब बोरा खोला तो अंदर एक जीवित नवजात बालक मिला। नरेश साह ने तुरंत अपनी पत्नी किरण देवी को बुलाया और दोनों ने मिलकर आशा कार्यकर्ता निभा भारती को सूचना दी। इसके बाद नवजात को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि समय रहते इलाज मिलने से बच्चे की जान बच गई। निःसंतान दंपति नरेश साह और किरण देवी ने भावुक होकर कहा कि यह बच्चा अब उनका है, ईश्वर ने इसे उन्हें भेजा है। दंपति उसके इलाज का पूरा खर्च स्वयं उठा रहे हैं। उनके इस मानवीय और प्रेरणादायक कार्य की पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com

सीमांचल

पूर्णिया, सोमवार
13 अक्टूबर 2025



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन केन्द्र का लिया जायजा, सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**अररिया** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के तहत सोमवार से अररिया जिले की छह विधानसभा सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। इसके लिए रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने अररिया एवं फारबिसगंज में नामांकन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, मूलभूत सुविधाओं और निर्वाचन अधिकारी कक्ष की तैयारियों का जायजा लिया गया। आवश्यक सुधार एवं सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



**नामांकन की समय-सीमा और प्रक्रिया** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि अररिया जिले में नामांकन प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 20 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों का नामांकन किया जाएगा। जो भी अभ्यर्थी दोपहर 3 बजे तक कार्यालय कक्ष में पहुँचेंगे, उनका नामांकन उसी दिन लिया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर समय से उपस्थित रहेंगे और अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे।

**सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े प्रबंध किए गए हैं। समाहरणालय परिसर और दोनों अनुमंडलों में विशेष सुरक्षा तैनात होगी। सभी मुख्य प्रवेश और निकास द्वारों पर ड्रॉप गेट एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। निर्वाचनी अधिकारी कक्ष के सौ मीटर की परिधि को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया है ताकि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति या वाहन इस क्षेत्र में प्रवेश न कर सके।

**कार्यालय कक्ष में प्रवेश नियम** नामांकन के दौरान कार्यालय कक्ष में अधिकतम पांच व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी, जिसमें अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह नियम शांति और व्यवस्थित प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। साथ ही, सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करेंगे।

**नामांकन केंद्रों का निरीक्षण और तैयारियाँ** : निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी केंद्रों में भीड़ प्रबंधन और मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने का निर्देश दिया। बैरिकेडिंग, सुरक्षा बल की तैनाती और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने की तैयारियाँ पूरी की गई हैं। अररिया जिले में बिहार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह से व्यवस्थित और सुरक्षित रूप से आयोजित की जाएगी। सभी अधिकारी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था के निर्देशों का पालन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थियों के नामांकन में किसी भी प्रकार की बाधा न आए।

**थानेदारों को सतत निगरानी के निर्देश** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निरंतर गश्ती व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अशांति या कानून-व्यवस्था भंग होने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, कार्यालय कक्ष के सौ मीटर के दायरे में अभ्यर्थियों के साथ आने वाले वाहनों की संख्या अधिकतम तीन तक सीमित रखी गई है।

**01:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नामांकन केंद्रों का निरीक्षण कर सभी तैयारियों का जायजा लिया।

**02 :** समाहरणालय और अनुमंडलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग और ड्रॉप गेट की स्थापना की गई है।

**03 :** कार्यालय कक्ष के सौ मीटर के दायरे में अभ्यर्थियों के साथ आने वाले वाहनों की संख्या तीन तक सीमित है।

**04 :** नामांकन के दौरान कक्ष में अधिकतम पाँच व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

**05 :** सभी थानाध्यक्षों को निरंतर गश्ती और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय पोषण माह पर चित्रकला प्रतियोगिता में स्काउट गाइड के बच्चे ने कैनवास पर उकेरे रंग

**अररिया**(हि.स.)।बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड की जिला इकाई की ओर से फारबिसगंज के प्लस टू ली अकादमी स्थित स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में रविवार को राष्ट्रीय पोषण माह पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




मौके पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट सह संयुक्त राज्य सचिव बैजनाथ प्रसाद ने बच्चों को बताया कि इस वर्ष का थीम है मोटापा-चीनी और तेल का खपत कम करना। साथ ही पोषण के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह एक वार्षिक अभियान है, जिसका उद्देश्य पोषण के बारे में जागरूकता बढ़ाना आहार प्रथाओं में सुधार लाना तथा बच्चों, किशोर, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करने वाली माता सहित कमजोर समूह के बीच कुपोषण से निपटना है। भारत में पोषण की स्थिति चिंताजनक है।कई लोग खाद्य सुरक्षा से वंचित है और उन्हें सही पोषण नहीं मिलता है। राष्ट्रीय पोषण माह का लक्ष्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, सुखद आहार प्राप्त करने की संभावना सभी वर्गों के लिए बढ़ाना और पोषण संचार के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना है।पोषण की महत्ता स्वास्थ्य सेवाओं शिक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में दिखाई देती है अच्छा पोषण मानसिक,शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक है।उसके बाद बच्चों द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर स्काउट मास्टर मोहम्मद सबदुल,स्काउट अंश कुमार, मिथिलेश कुमार, विशाल कुमार, आदित्य, कबीर, शिवम,गाइड ज्योति कुमारी, विशाखा, सरस्वती, अंजली, रचना, लक्ष्मी, राधा, साक्षी कुमारी के साथ अन्य स्काउट गाइड मौजूद थे।

## अखाड़ा का रथ पहुंचा अजगैविनाथ धाम, किया स्वागत

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में रविवार को श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निवार्ण भ्रमणशील मंडल प्रयागराज का रथ पहुंचा। जहां आत्मा दास ठाकुरबाड़ी के महंत अनुज मुनि, नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, सहित दर्जनों दुकानदार ने फूल माला पहनाकर, ढोल बाजा और घोड़ा नगाड़ों से उनका भव्य स्वागत किया।



इस दौरान भ्रमणशील महन्त अद्वैतानंद जी एवं रामनौवी महराज जी ने लोगों को धर्म के प्रति जागरूक करने के लिए 44 साल बाद बिहार के अजगैविनाथ धाम पहुंचने की बात कही।

नगर सभापति राज कुमार गुड्डू ने कहा कि 44 साल बाद श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निवार्ण भ्रमणशील मंडल का रथ यहां पहुंचा है। 15 दिनों तक महाआरती आत्मादास ठाकुरबाड़ी में किया जाएगा। इस दौरान धर्म के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान आत्मा दास ठाकुरबाड़ी के राजपति यादव, अश्विनी चौधरी, बिट्टू यादव, मनोज जादुका सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## किसनगंज में R.O. एवं A.R.O. के लिए नामांकन प्रशिक्षण आयोजित

**किसनगंज,** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन कार्यालय किसनगंज में रविवार को रिटर्निंग ऑफिसर्स (R.O.) एवं असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर्स (A.R.O.) के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में नामांकन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं और नियमों की स्पष्ट समझ सुनिश्चित करना था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण में नामांकन फॉर्म की जांच, आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा, समय सीमा का पालन और उम्मीदवारों की पात्रता जांच से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने R.O. एवं A.R.O. को इलेक्ट्रॉनिक और कागजी दोनों माध्यमों में नामांकन प्रक्रिया को सही ढंग से संचालित करने के लिए व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारियों ने




उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान संभावित समस्याओं और विवादों का समाधान करने के लिए विशेष रणनीतियों पर भी ध्यान दिया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने अधिकारियों को यह भी बताया कि किस प्रकार से नामांकन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षण से लाभ मिलने की पुष्टि की और बताया कि इससे वे आगामी विधानसभा चुनाव में नामांकन कार्य को और अधिक सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित कर सकेंगे।

## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अभाविप की हुई बैठक

**अररिया,** (हि.स.)। फारबिसगंज के सार्वजनिक रेणु पुस्तकालय में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक रविवार को हुई।

बैठक में पूर्णिया अररिया के विभाग प्रमुख प्रो. एम.पी. सिंह ने कहा कि अभाविप द्वारा स्थापना काल से ही प्रत्येक आम चुनाव में युवा मतदाता को प्रेरित करने हेतु युवा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है। इस वर्ष भी विधानसभा चुनाव को लेकर संपूर्ण जिले में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।



जिले के प्रत्येक इकाई के कार्यकर्ताओ के द्वारा जोर-शोर मतदाता जागरुकता अभियान चला कर अधिक से अधिक युवा मतदाता मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा।वहीं जिला संयोजक शिवम साह ने कहा कि मतदाता अभियान के लिए 15 अक्टूबर को विद्या मंदिर में युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में संपूर्ण जिला के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में शामिल अररिया के जिला सह संयोजक अंकित सिन्हा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य आकाश श्रीवास्तव, नगर सह मंत्री अनिकेत गुप्ता, मनीष कुमार, संतोष झा आदि उपस्थित थे।

## तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुर देसरी पंचायत के फतेहपुर पोखर टोला में रविवार को तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि गांव के ही रहने वाले बिशु तांती उम्र 25 वर्ष की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। बिशु तांती, पिता दुखन तांती आज तालाब के पास गए थे। इसी दौरान किसी कारणवश तालाब में डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया। उधर घटना के बाद से मृतक के परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

## एसएसबी जवानों ने गरैया में चलाया स्वच्छता अभियान



**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 52वीं वाहिनी के कमांडेंट महेन्द्र प्रताप के दिशा निर्देश पर बाह्य सीमा चौकी भलुआ के एसएसबी जवानों और कर्मियों के द्वारा रविवार को स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया गया,जिसके अंतर्गत यात्री सेड गरैया सहित अगल बगल के इलाकों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।एसएसबी के जवानों ने यात्री शेड की सफाई की।साथ ही अगल बगल में पसरे गंदगी की सफाई की।

मौके पर एसबीसी जवानों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति सजग करते हुए अपने घरों के साथ अगल बगल के इलाकों को साफ सुथरा रखने की अपील की।ग्रामीणों को गंदगी के कारण होने वाली बीमारियों से सजग करते हुए जीवन में स्वच्छता नियम के पालन करने को जागरूक किया गया।

## भागलपुर में विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों की समीक्षा, सभी मतदान केंद्रों पर सुविधाओं और मतदाता जागरूकता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**भागलपुर,** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर पीरपैंती विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक और पंचायत सचिव मौजूद रहे। बैठक में सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग सही तरीके से करवाने, मतदान केंद्रों में एएमएफ (सुनिश्चित बुनियादी सुविधाएं) उपलब्ध कराने, दुरुस्त पहुंच पथ की व्यवस्था सुनिश्चित करने और वोटर्स इन्फॉर्मेशन स्लिप का




निर्धारित समय तक वितरण करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की गई। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ने आवश्यक निर्देश देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी प्रतिवेदन समय पर प्रेषित किए जाएँ। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि मतदान केंद्रों पर मतदाता सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से कोई कमी न रह जाए और चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। डॉ. नवल किशोर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर निगरानी रखें और चुनावी प्रक्रिया को सफल बनाने में योगदान दें।

## भागलपुर में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियाँ पूरी, नाम निर्देशन पत्र लेने की प्रक्रिया 13 अक्टूबर से शुरू

**भागलपुर,** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत भागलपुर जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। आगामी 13 अक्टूबर से जिले के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान प्रत्याशियों से नाम निर्देशन पत्र ग्रहण करेंगे। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आज सभी निर्वाची पदाधिकारियों ने



अपने नाम निर्देशन पत्र कोषांग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया, समयबद्धता और प्रत्याशियों से दस्तावेज़ लेने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। सुलतानगंज विधानसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सुश्री अपेक्षा मोदी ने भी अपने क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि नाम निर्देशन पत्र ग्रहण प्रक्रिया निर्बाध एवं पारदर्शी तरीके से पूरी हो।

# सुपौल में सभी मतदान केन्द्रों पर आश्वस्त न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करने का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रारंभिक भौतिक सत्यापन में कुछ केंद्रों पर सुविधाओं की कमी पाई गई।**

**जिला प्रशासन ने सभी प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।**




सुपौल जिले में आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन शाखा ने सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1880 मतदान केन्द्रों पर आश्वस्त न्यूनतम सुविधा (Assured Minimum Facility) उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया। इन सुविधाओं में पेयजल, शौचालय, रैम्प, विद्युत आदि शामिल हैं। सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा प्रारंभिक भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें कुछ मतदान केन्द्रों पर अभी तक आवश्यक सुविधाओं की अनुपलब्धता पाई गई।

**जिला प्रशासन की सक्रियता** जिला निर्वाचन शाखा के पत्रांक-1164/निर्वा0 दिनांक 11.10.2025 के आदेश के आलोक में सभी प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस प्रक्रिया का उद्देश्य सभी मतदाताओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक मतदान अनुभव सुनिश्चित करना है।

**जिलाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण** : इस दौरान जिलाधिकारी, सुपौल ने स्वयं 42-पिपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-309, 310, 311, 312 एवं 313 का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुनिश्चित किया कि सभी केंद्रों पर मतदान के दिन सभी आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह से उपलब्ध हों।

**निर्देशक निरीक्षण** : विभिन्न प्रखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी द्वारा सभी 1880 मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। प्रत्येक केंद्र पर सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई और यदि कोई कमी पाई गई तो उसे तुरंत पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## सुपौल में मीडिया कोषांग की बैठक आयोजित

**न्यूज़ स्केल सुपौल**



आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के समन्वय, मीडिया सर्टिफिकेशन तथा MCC नियमों के अनुपालन हेतु जिले में एम०सी०एम०सी०/मीडिया कोषांग का गठन किया गया है। इसी क्रम में नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग-सह-जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में जिले के सभी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल पदाधिकारी ने मीडिया के लिए MCC के विभिन्न दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन का प्रकाशन करने से पूर्व राज्य और जिला स्तर पर गठित MCMC कमिटी से उनका certification कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया चुनावी निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु अत्यंत आवश्यक है। साथ ही सभी मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे किसी भी प्रकार के पेड न्यूज का प्रकाशन न करें और किसी भी शिकायत के मामले में मीडिया कोषांग या जिले स्तर पर गठित शिकायत प्रबंधन कोषांग को सूचित करें। बैठक में मीडिया के सहयोग और चुनावी जागरूकता बढ़ाने में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया गया। अंत में नोडल पदाधिकारी ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों का बैठक में सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया और बैठक का समापन किया। इस बैठक से मीडिया कोषांग और जिले में निष्पक्ष और सुचारू चुनाव संपन्न कराने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## सेप्टिक टैंक में गिरने से बच्ची की मौत

**न्यूज़ स्केल वीरपुर / राघोपुर**



जिले के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के फकिरना वार्ड 9 में शनिवार रात एक खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से 10 वर्षीय बच्ची खुशबू कुमारी की मौत हो गई। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी।

मृतका के बड़े पापा उमेश मुखिया और पिता रामचंद्र मुखिया ने बताया कि यह सेप्टिक टैंक पड़ोसी शंकर चौधरी ने बनवाया था और यह उनके घर के रास्ते में पड़ता है। खुशबू खेलते हुए उसी रास्ते से गुजर रही थी, तभी वह खुले टैंक में गिर गई।

परिजनों ने जब खुशबू की तलाश शुरू की तो उसे खुले सेप्टिक टैंक के अंदर पाया। आनन-फानन में बच्ची को टैंक से निकालकर रेफरल अस्पताल राघोपुर ले जाया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. राहुल झा ने जांच के बाद खुशबू को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची की मौत हो चुकी थी।

परिजनों ने पड़ोसी शंकर चौधरी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शंकर चौधरी ने शाम को सेप्टिक टैंक का ढक्कन खुला छोड़ दिया था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। खुशबू अपने माता-पिता की चार बेटियों और एक बेटे में दूसरे नंबर की थी। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है।

करजाइन थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। पुलिस टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। उन्होंने पीड़ित परिवार के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## आग लगने से दो भाई के परिवार का तीन घर सहित नगदी और सारा सामान जल कर राख हो गया

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**







प्रतापगंज थाना क्षेत्र के चिलौनी दक्षिण पंचायत के इटवा वार्ड 14 में शनिवार की रात अचानक आग लगने से दो भाई के परिवार का तीन घर और सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना रात लगभग 10 बजे हुई। मो. तस्लीम और मो. मुस्लिम के परिवार खाना खाकर सो रहे थे कि अचानक आग की लपटें उनके घरों से उठती दिखाई दीं।

**पड़ोसियों ने की आग बुझाने की कोशिश** : आग की सूचना पाकर पड़ोसियों ने हल्ला मचाया। दोनों भाइयों के परिवार ने जान बचाकर घर से बाहर निकल लिया। स्थानीय लोग आग बुझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन आग इतनी तेज थी कि किसी की हिम्मत घर के सामान को निकालने में नहीं हुई। देखते ही देखते तीनों घर सहित पूरा सामान जलकर राख हो गया।

**पीड़ित परिवार को मिलेगा सरकारी सहायता** : पीड़ित मो. मुस्लिम और उनकी पत्नी बीबी पाकिजा ने बताया कि बेटी की शादी के लिए रखा सारा सामान और नगदी जल गई। मो. तस्लीम ने भी अपनी संपत्ति के नुकसान की पुष्टि की। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और सीओ आशुरंजन ने तीनों घर जलने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार पीड़ित परिवारों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। अनुमानित नुकसान पांच-छह लाख रुपये का बताया जा रहा है।

**दमकल पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने काबू पाया** : आग लगने की सूचना तुरंत थाना को दी गई। जब तक दमकल टीम घटनास्थल पहुंची, तब तक ग्रामीणों ने अपने प्रयास से आग पर काबू पा लिया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने बची हुई आग पूरी तरह से बुझाई।

## चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता शुरू

**न्यूज़ स्केल सुपौल**








सुपौल के आउटडोर स्टेडियम क्रीड़ा मैदान में 12 अक्टूबर से शुरू हुई जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2025 का विधिवत उद्घाटन वरीय उप-समाहर्ता-सह-उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सुश्री अंजू कुमारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों और जनसमूह को उन्होंने स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि खेल और लोकतंत्र दोनों ही जीवन के मूल मूल्य हैं।

**मतदान एवं लोकतंत्र का संदेश** उपाधीक्षक ने सभी नागरिकों से अपील की कि 11 नवम्बर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। युवाओं से विशेष आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार और समाज के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि खेल और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का पालन साथ-साथ होना चाहिए।

**खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन** : जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, योग, खो-खो, बैडमिंटन, फुटबॉल और रग्बी जैसी खेल गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। लगभग 600 प्रतिभागी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग में भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को अपने कौशल और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

**पहले दिन की प्रतियोगिताएँ एवं प्रदर्शन** : पहले दिन एथलेटिक्स, कबड्डी और वॉलीबॉल में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की उत्साही भागीदारी और खेल के प्रति उनकी लगन ने कार्यक्रम को और रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और पूरे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

## कोर्ट कैंप में 90 लोगों को 107 में जमानत दी गई



**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

अगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए अब तक 661 लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाईके लिए 107 की कार्रवाई की गई है। थानास्तर से की गई 107 की कार्रवाई में जमानत लेने के लिए एसडीएम कोर्ट से 210 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। जमानत देने के लिए अधिवक्ता अरूण कुमार सिंह और एसडीएम न्यायालय कर्मी ललित कुमार दास की प्रतिनियुक्ति की गई थी। ललित कुमार के अनुसार रविवार को थाना में लगे कोर्ट कैंप में नोटिस के अनुसार हाजिरी देने वाले 90 लोगों को 107 के मामले में जमानत दी गई है।

## सुपौल में रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता



**न्यूज़ स्केल सुपौल**

स्वीप कार्यक्रम के तहत सुपौल सदर प्रखंड की महिला पर्यवेक्षिका एवं सेविका/सहायिकाओं ने एक विशेष रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर मतदाता जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से मतदान के महत्व, लोकतंत्र में हर वोट की भूमिका और निष्पक्ष मतदान के संदेश को दर्शाया। इस पहल से ग्रामीणों में चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली और युवाओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कोषांग के अधिकारियों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कला और सांस्कृतिक माध्यमों का उपयोग कर मतदाता जागरूकता फैलाना ग्रामीण समुदाय में संदेश पहुंचाने का प्रभावी तरीका है।

## राघोपुर में आवारा कुत्तों ने कई लोगों को काटा,आधा दर्जन से अधिक बच्चे-बड़े घायल

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**



जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के रेलवे ढाला एनएच 106 पर रविवार दोपहर एक आवारा कुत्ते ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को काट कर घायल कर दिया। घायलों में बच्चे और बड़े दोनों शामिल हैं, जिन्हें तत्काल रेफरल अस्पताल राघोपुर में भर्ती कराया गया।यह घटना रविवार को करीब 1 बजे दिन में हुई। कुत्ते के हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया।रेफरल अस्पताल राघोपुर में ड्यूटी पर तैनात डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। उन्हें रेबीज वैक्सीन की पांच खुराकें दी जाएंगी। डॉक्टर के अनुसार, अभी भी कुत्ते के काटने से घायल मरीज अस्पताल आ रहे हैं।घायलों में राघोपुर वार्ड 12 निवासी दिनेश साह के 15 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार, राघोपुर वार्ड 12 निवासी इंद्रजीत पासी की 12 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी, बेरदह वार्ड 4 निवासी 61 वर्षीय रविंद्र सिंह और अरवल जिले के करपी निवासी आकाश चौधरी के 4 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार शामिल हैं।इस मामले में राघोपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सत्येंद्र कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर आवारा कुत्ते को पकड़ा जाएगा।

## बसंतपुर प्रखंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### स्वच्छता पर्यवेक्षक और कर्मियों ने ग्रामीणों को मतदान के महत्व से अवगत कराया

**न्यूज़ स्केल सुपौल**





बसंतपुर प्रखंड में एल.एस. बी.ए. के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों द्वारा आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को मतदान के महत्व से अवगत कराना और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना था कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को निष्पक्ष मतदान, लोकतंत्र की मजबूती और "हर वोट, लोकतंत्र की ताकत" संदेश के बारे में जानकारी दी गई। आयोजकों ने बताया कि मतदान में सक्रिय भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होता है और नागरिकों की जिम्मेदारी पूरी होती है।

ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय जनता में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

# स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता रैली एवं कार्यों की समीक्षा

## स्वीप कोषांग के कार्यों की डीईओ द्वारा की गई विस्तृत समीक्षा

**न्यूज स्केल दरभंगा**





समाहरणालय परिसर स्थित अम्बेडकर सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कौशल कुमार की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के साथ ही स्वीप कोषांग के कार्यों की समीक्षा बैठक भी संपन्न हुई। डीईओ ने कहा कि "मतदाता जागरूकता ही सुचारु, निष्पक्ष और सहभागितापूर्ण चुनाव का आधार है"। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**मतदान दिवस और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास** : 6 नवंबर 2025 को मतदान सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित होगा। डीईओ ने सभी पदाधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों के स्तर पर सर्वे और मतदाता सूची की पुष्टि कर मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। EPIC नंबर आधारित वोटर हेल्पलाइन केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि मतदाता अपने मतदान केंद्र की जानकारी प्राप्त कर सकें।

**विशेष शिविर और सोशल मीडिया अभियान** : जिला स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी चाँदनी सिंह ने अब तक किए गए कार्यों और आगामी योजना की विस्तृत प्रस्तुति दी। डीईओ ने प्रत्येक प्रखंड में विशेष मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित करने और सोशल मीडिया तथा स्थानीय माध्यमों के जरिए अधिकतम जनसंपर्क सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने मतदाता जागरूकता के मिशन में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में नोडल पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी और निर्वाचन से जुड़े अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जन-जागरूकता** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और नए मतदाताओं को जागरूक करें। इसके साथ ही बालिकाओं और ग्रामीण युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डीईओ ने विद्यालय, महाविद्यालय, स्वयं सहायता समूह और पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करने का भी निर्देश दिया।

**01** : मतदाता जागरूकता को प्रभावी बनाने के लिए हर स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश।

**02** : आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और नए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।

**03** : मतदान 6 नवंबर 2025 को सुबह 7:00 से शाम 6:00 बजे तक होगा।

**04** : प्रत्येक प्रखंड में विशेष मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**05** : सोशल मीडिया और स्थानीय माध्यमों से अधिकतम जनसंपर्क सुनिश्चित करने का निर्देश।

# मूर्ति के नाम पर शराब परिवहन में जुटे तीन गिरफ्तार, शराब बरामद

**नवादा** (हि.स.)नवादा जिले के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर रविवार को उत्पाद बलों ने कलकत्ता से बिहारशरीफ जा रही बस से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की। राजा डीलक्स बस (संख्या WB15H6886) की जांच उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार ने की, जिसमें 6 कार्टनों में पैक शराब मिली। जब्त शराब में ब्लेंडर्स प्राइड की 24 बोतल, रॉयल स्टेज की 48 बोतल और माउंटेन ऑक की 48 पीस पेट बोतल शामिल हैं।



**शराब की छुपी पैकिंग** : जब उत्पाद बलों ने बस स्टाफ से पूछा कि छत पर क्या रखा है, तो उन्हें बताया गया कि यह गणेश जी की मूर्ति है। संदेह होने पर हैंड स्कैनर मशीन से जांच की गई और 6 कार्टनों में छुपी शराब बरामद हुई। शराब को कार्टनों में प्लास्टिक से पैक किया गया था, जैसे कोई कीमती सामग्री ट्रांसपोर्ट की जाती है।

**बस स्टाफ गिरफ्तार** जांच के दौरान बस के चालक, कंडक्टर और खलासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में बांका जिले के रविंद्र कुमार, नालंदा जिले के मो. नुमान और झारखंड के सॉकेट लाल यादव शामिल हैं। ये सभी शराब परिवहन में संलिप्त पाए गए।

**सघन जांच और सुरक्षा प्रबंध** उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड की ओर से आने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच चौकी पर हैंड स्कैनर मशीन के अलावा उत्पाद बल, अस्थाई चेक नाका पर मजिस्ट्रेट, पीटीसी और गृहरक्षक के जवान तैनात थे। तकनीशियन पिंकू कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के नेतृत्व में सभी वाहनों की सघन जांच जारी है।

1. बस के चालक, कंडक्टर और खलासी को गिरफ्तार किया गया।
2. शराब कार्टनों में गणेश जी की मूर्ति बताकर छुपाई गई थी, हैंड स्कैनर से बरामद।
3. बिहार मद्दनिषेध और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की सघन जांच जारी।

# डीएम-एसपी ने समस्तीपुर कॉलेज स्थित इवीएम कमिशनिंग एवं डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**समस्तीपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर समस्तीपुर कॉलेज परिसर में बनाए गए इवीएम कमिशनिंग एवं डिस्पैच सेंटर का संयुक्त निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने किया। निरीक्षण का उद्देश्य निर्वाचन कार्यों की गति, सुरक्षा और शुचिता को सुनिश्चित करना था।




**तैयारियों और सुरक्षा की समीक्षा** : डीएम रोशन कुशवाहा ने कमिशनिंग कार्य की प्रगति, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, पोलिंग पार्टी वितरण स्थल, वाहन कोषांग और लॉजिस्टिक प्रबंधन का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियाँ निर्धारित मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप हों। डीएम ने स्पष्ट कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों को अंधेरा होने से पहले बूथ तक पहुँचना सुनिश्चित करना आवश्यक है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**पुलिस सुरक्षा प्रबंध** : पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उद्देश्य यह है कि मतदाता निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। सुरक्षा तैनाती चरणबद्ध तरीके से की जा रही है ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

**सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए तत्परता** : समस्तीपुर कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से तीन विधानसभा क्षेत्र—131 कल्याणपुर, 132 वारिसनगर और 133 समस्तीपुर—के लिए इवीएम कमिशनिंग एवं डिस्पैच कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, दो अन्य विधानसभा क्षेत्रों 134 उजियारपुर और 138 बिभूतिपुर के लिए भी डीएम ने निरीक्षण किया। प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों के साथ सभी संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत डीएम ने तैयारियों पर संतोष जताया और दलसिंहसराय स्थित इवीएम डिस्पैच सेंटर की ओर रवाना हुए।

# 85 वर्ष से अधिक बुजुर्ग, दिव्यांग और आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मी पोस्टल बैलेट से कर सकेंगे मतदान

**गोपालगंज,** (हि.स.)बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने विशेष मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग मतदाता तथा आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मी मतदान के लिए घर या कार्यस्थल से ही पोस्टल बैलेट का प्रयोग कर सकेंगे।



**पात्र मतदाता और विभाग** डीएम-सह-जिलाधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने बताया कि विद्युत, स्वास्थ्य, डाक, रेलवे, दूरसंचार, अग्निशमन, परिवहन, मीडिया, जलापूर्ति, सफाई, आपदा प्रबंधन, नर्सिंग, चिकित्सक, फायर सर्विस, पुलिस और सुरक्षाबलों सहित कुल 16 विभागों के कर्मी इस सुविधा के अंतर्गत आएंगे। इन कर्मचारियों में वे शामिल होंगे जो चुनाव के दिन ड्यूटी में रहेंगे। पात्र मतदाता फार्म-12डी भरकर संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास जमा कर पोस्टल बैलेट का लाभ ले सकते हैं।

**घर से मतदान की सुविधा** निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष रूप से घर से मतदान की सुविधा भी सुनिश्चित की है। मतदान अधिकारी उनके घर जाकर मतदान कराएंगे, जिससे लंबी कतारों और भीड़भाड़ से बचाव होगा और लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी और सशक्त होगी।

**सुरक्षित और पारदर्शी प्रक्रिया** जिला प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि पोस्टल बैलेट प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित होगी। मतदान के समय विशेष टीम घर या कार्यस्थल पर जाकर पहचान सत्यापित करने के बाद मतदान कराएगी। इसके अतिरिक्त, मतदान की पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफी और पर्यवेक्षण किया जाएगा। सभी बैलेट लिफाफे सुरक्षित तरीके से चुनाव कार्यालय तक पहुंचाए जाएंगे और मतगणना के दिन इनकी गिनती होगी।

**लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास** : डीएम ने बताया कि यह पहल सुनिश्चित करती है कि कोई भी मतदाता आयु, दिव्यांगता या सेवा दायित्व के कारण मतदान से वंचित न रहे। हर प्रखंड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जहां मतदाता किसी भी जानकारी या सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे समय पर फार्म-12डी भरें, ताकि पोस्टल बैलेट सुविधा का लाभ उठा सकें।

# विधानसभा चुनाव के लिए ईवीएम,वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**गोपालगंज,** (हि.स.)।बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में निर्वाचन तैयारियों की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निर्देशन में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैंडमाइजेशन कार्य सम्पन्न हुआ। यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग की ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम ( ईएमएस ) के माध्यम से पारदर्शी तरीके से पूरी की गई।



प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 99-बैकुंठपुर, 100-बरौली, 101-गोपालगंज, 102 कुचायकोट, 103-भोरे और 104-हथुआ के लिए आवश्यक संख्या में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इनमें भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जनता दल (यू), राष्ट्रीय जनता दल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) (लिबरेशन) सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# युवक की हत्या कर पोखर में फेका शव, ग्रामीणो ने दो आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिले के पताही प्रखंड के रतनशयर गांव में उस समय सनसनी फैल गई,जब गांव के एक 20 वर्षीय युवक रमाकांत कुमार, पिता विजय साह, की हत्या कर शव पोखरा में फेंक देने की जानकारी मिली।



ग्रामीणों ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए तीन में से दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पकड़ीदयाल डीएसपी कुमार चंदन, पताही थानाध्यक्ष बबन कुमार, पचपकड़ा थानाध्यक्ष पूजा कुमारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल और सीएएफ के जवान मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के पिता विजय साह ने बताया कि "मेरे बेटे को घर के बगल का ही एक लड़का बुलाकर मोतिहारी ले गया था,और उसकी हत्या कर शव को पोखरा में फेंक दिया।मिली जानकारी के अनुसार, मृतक रमाकांत कुमार शादी शुदा था और अपनी पत्नी प्रतिमा कुमारी के साथ गांव में भुजा की दुकान चलाता था।इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनो ने बताया कि आरोपी युवक गाड़ी बेचने के बहाने रमाकांत को मोतिहारी बुलाकर ले गया था। बाद में उस पर तवा से वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को पोखरा में फेंक दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद मृतक की गाड़ी को नेपाल स्थित आरोपी के मामा के घर ले जाया गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएसपी कुमार चंदन ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है, फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है

# बिहार के मोतिहारी सिकरहना नदी में नाव पलटी,दो की मौत,एक लापता

## -नाव पर चौदह लोग थे सवार-पशुओ का चारा लेकर लौट रहे थे सभी

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। बिहार में पूर्वी चपारण जिले के लखौरा थाना क्षेत्र में सिकरहना नदी में नाव पलटने से दो की मौत हो गई।जबकि एक लापता है।



मिली जानकारी के अनुसार नाव पर चौदह लोग सवार थे।जिसमे ग्यारह लोगो ने तैरकर अपनी जान बचाई।जबकि एक की मौत इलाज के दौरान हो गई और दो लोग लापता थे,जिसमे एक का शव रविवार को बरामद किया गया।ग्रामीणो ने बताया कि लखौरा पुरवारी टोला के राजू सहनी, सत्य नारायण सहनी, बिस्को सहनी, राधेश्याम सहनी, विजय सहनी, जंगाली सहनी, दिलीप सहनी, कैलाश सहनी, गोपाल प्रसाद, शिवपूजन सहनी, तूफानी सहनी, मुकेश सहनी, बाबूलाल सहनी व गोबरी सहनी कुल चौदह लोग उफनती सिकरहना नदी को पार कर पशुओ के लिए चारा लेकर लौट रहे थे।

इसी दौरान तेज हवा के कारण नाव असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें कैलाश सहनी की मौत हो गयी, जबकि मुकेश सहनी व बाबूलाल सहनी लापता हो गए,हालांकि बाबूलाल सहनी का शव रविवार ढुंढ लिया गया,जबकि मुकेश सहनी की तलाश की जा रही है। नाव पर सवार लोगो ने बताया कि नाव पलटते ही चीख पुकार मच गई। सभी एक-दूसरे का सहारा लेने लगे।

इस बीच कुछ लोग तैरकर बाहर निकल गये।जिसमे गंभीर हालत में कैलाश सहनी को इलाज के लिये मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गयी। लापता लोगों की तलाश के लिये भारी भीड़ जुटी है।

# बाबा झाड़ेश्वर : पश्चिम मेदिनीपुर की आस्था और इतिहास का अनमोल अध्याय

मेदिनीपुर जिले के आनंदपुर और पास के कानासोल गांव में स्थित बाबा झाड़ेश्वर स्वंभूव लिंग मंदिर लगभग 350 वर्ष पुराना है। यह मंदिर अपनी दिव्यता और स्वयंभू शिवलिंग के लिए प्रसिद्ध है, जिसे मानव ने नहीं, बल्कि धरती ने स्वयं प्रकट किया। ग्रामीण जनश्रुति के अनुसार, कई वर्षों पूर्व यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था। गांव के ग्वाले प्रतिदिन मवेशी चराने जंगल जाते थे। एक दिन एक गाभिन गाय विशेष स्थान पर अपने थनों से दूध बहाने लगी। यह रहस्यमय घटना देखकर ग्वाले ने गांव के बुजुर्गों को बताया। जब बात फैल गई, तो राजा अलाल देव राय और अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे और अपनी आंखों से चमत्कार देखा। उसी रात ब्राह्मण शीतलानंद मिश्र को स्वप्न में भगवान शिव ने आदेश दिया कि इस पवित्र स्थल पर मंदिर का निर्माण कराया जाए। राजा और ग्रामीणों ने मिलकर जंगल को साफ किया और मंदिर का निर्माण कराया। जिस स्थल पर शिवलिंग प्रकट हुआ था, वहीं आज भी बाबा झाड़ेश्वर विराजमान हैं।

आज यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लोक-आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है। चारों ओर फैली हरियाली, मंद हवा और प्रांगण में गूंजते "हर हर महादेव" के स्वर वातावरण को देवत्व से भर देते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु बताते हैं कि मंदिर की शांति में एक अदृश्य ऊर्जा का अनुभव होता है, जैसे स्वयं भोलेनाथ अपने भक्तों को आशीष दे रहे हों। प्रति वर्ष चैत्र मास में भव्य "चड़क मेला" आयोजित होता है। इस अवसर पर दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु बाबा झाड़ेश्वर के दर्शन के लिए आते हैं। मेला भक्ति, उत्सव और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है।
बाबा झाड़ेश्वर मंदिर न केवल पश्चिम मेदिनीपुर की पहचान है, बल्कि भारत की सनातन परंपरा की आत्मा का प्रतीक भी है। यह स्थल यह सिखाता है कि जहाँ प्रकृति, भक्ति और मानवता एक साथ मिलते हैं, वहीं सच्चे अर्थों में ईश्वर का वास होता है। जिस गाय की निष्ठा और मासूमियत ने मंदिर की पवित्रता उजागर की, उसी तरह आज भक्तों की आस्था इसे जीवंत बनाए हुए है।



# क्रिप्टो मार्केट में हाहाकार: एक दिन में 1.68 लाख करोड़ रुपये हुए स्वाह, भारतीय निवेशकों ने देखी खरीदारी का मौका

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन से आने वाले गुड्स पर 100% टैरिफ की घोषणा के बाद वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में भूकंप सा असर देखा गया। सिर्फ एक दिन में क्रिप्टोकरेंसी मार्केट से 19 अरब डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये) उड़ गए। बिटकॉइन, एथेरियम और अन्य प्रमुख टोकन्स की कीमतों में तेज गिरावट



ने दुनियाभर के निवेशकों में हड़कंप मचा दिया। इस भारी गिरावट के बीच भारतीय निवेशकों ने इसे खरीदारी का मौका मानते हुए एक्सचेंजों पर ट्रेडिंग वॉल्यूम में जबरदस्त उछाल दिखाया। कॉइनस्विच, कॉइनडीसीएक्स और मुदरेक्स जैसे बड़े क्रिप्टो प्लेटफॉर्म पर निवेशक सक्रिय हो गए। कॉइनस्विच के वीपी बालाजी श्रीहरि ने बताया कि निवेशक अब मार्केट की गिरावट से डरने की बजाय इसे लंबी अवधि की खरीदारी का अवसर मान रहे हैं। कॉइनस्विच पर स्पॉट ट्रेडिंग वॉल्यूम 50 गुना तक बढ़ा। वहीं, कॉइनडीसीएक्स के को-फाउंडर सुमित गुप्ता ने कहा कि ट्रेडिंग वॉल्यूम 1.1 करोड़ डॉलर से बढ़कर 3.1 करोड़ डॉलर हो गया। मुदरेक्स पर ट्रेडिंग वॉल्यूम 120% बढ़ा और डिपॉजिट्स ऑल-टाइम हाई पर पहुंचे। लॉन्ग पोजीशन बनाम शॉर्ट पोजीशन का रेशियो 60:40 है, जो निवेशकों की मार्केट रिकवरी की उम्मीद को दर्शाता है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, दुनियाभर में 16 लाख से अधिक ट्रेडर्स को नुकसान हुआ। Binance जैसे बड़े एक्सचेंज को भारी ट्रेडिंग लोड के कारण तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारतीय निवेशकों की सक्रियता से साफ है कि वे अब मार्केट साइकिल को समझकर, गिरावट को अवसर में बदलने में सक्षम हो रहे हैं।

# भारत में निवेश और नौकरियों की बाढ़: EFTA ट्रेड डील लागू

भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (EFTA) देशों — स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन — के बीच ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (TEPA) 1 अक्टूबर 2025 से लागू हो गया है। इस समझौते के तहत अगले 15 सालों में EFTA देशों द्वारा भारत में लगभग 100 अरब डॉलर (₹8.80 लाख करोड़) का निवेश होने का अनुमान है। पहले 10 साल में 50 अरब डॉलर



और अगले पांच साल में बाकी निवेश आएगा। इस निवेश से रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और लाइफ साइंसेज जैसे तेजी से बढ़ते सेक्टरों में विकास होगा और देश में करीब 10 लाख नई नौकरियां बनेंगी। EFTA ने भारत के 99.6% एक्सपोर्ट पर टैरिफ कंसेशन और भारत ने EFTA की 95.3% एक्सपोर्ट लाइन पर मार्केट एक्सेस दी है।
TEPA सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इनोवेशन, सस्टेनेबल डेवलपमेंट और साझा तरक्की पर आधारित साझेदारी है, जो भारत की इंडस्ट्रियल क्षमता और EFTA की टेक्नोलॉजिकल एक्सपर्टाइज को जोड़कर नए अवसर खोलेगी।

# सुबह जोड़ों में जकड़न क्यों बढ़ जाती है और इससे राहत कैसे पाएं

सुबह-सुबह उठते ही जोड़ों में अकड़न और दर्द महसूस होना सामान्य है, जिसे "मॉर्निंग स्टिफनेस" कहा जाता है। रात में शरीर की कम मूवमेंट के कारण जोड़ों के चारों ओर मौजूद सिनोवियल फ्लूइड का प्रवाह धीमा हो जाता है, जो जोड़ों को लचीला बनाए रखता



है। गठिया, बढ़ती उम्र, ठंडा मौसम और लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना इस अकड़न को और बढ़ा देता है। राहत के लिए हल्की एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग करें, गुनगुने पानी से नहाएं, ओमेगा-3, विटामिन D और कैल्शियम युक्त डाइट अपनाएं, वजन नियंत्रित रखें और पर्याप्त नींद लें। ये साधारण उपाय सुबह की जकड़न को कम करने में मददगार हैं।

# आलूबुखारे के चमत्कारी स्वास्थ्य लाभ : दिल, हड्डी और पाचन तंत्र के लिए वरदान

आलूबुखारा न केवल स्वाद में मीठा होता है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसमें मैग्नीशियम, विटामिन बी6 और विटामिन के की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर की सामान्य कार्यप्रणाली के लिए जरूरी हैं। यह फल पेट और पाचन तंत्र की सेहत सुधारने में



मदद करता है और कब्ज जैसी समस्याओं को दूर करता है। हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए भी आलूबुखारा फायदेमंद है। दिल की सेहत को बनाए रखने में आलूबुखारा अहम भूमिका निभाता है। नियमित सेवन से हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। आयरन युक्त होने के कारण यह खून की कमी को भी दूर करता है। साथ ही, ब्लड शुगर नियंत्रण और वजन घटाने में भी आलूबुखारा सहायक साबित होता है। इसे सही मात्रा में सेवन करना चाहिए ताकि स्वास्थ्य लाभ अधिकतम हो सके।

# राशिफल : 13 अक्टूबर, 2025

मेष : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी। शुभांक-2-3-6

वृष : व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

मिथुन : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-5-7

कर्क : बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग है। शुभांक-2-6-8

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पारिवारिक विवाद टाले। शुभांक-1-3-4

कन्या : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-4-5-7

तुला : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्घ होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बांधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-3-6-8

धनु : उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

मकर : आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुम्भ : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-2-4-5

मीन : शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-1-3-5

# पंचांग : 13 अक्टूबर, 2025

13 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र मिथुन में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 06.19 बजे से
वृश्चिक 08.33 बजे से
धनु 10.49 बजे से
मकर 12.54 बजे से
कुंभ 14.41 बजे से
मीन 16.14 बजे से
मेष 17.44 बजे से
वृष 19.24 बजे से
मिथुन 21.22 बजे से
कर्क 23.36 बजे से
सिंह 01.52 बजे से
कन्या 04.04 बजे से
सोमवार 2025 वर्ष का 286 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि सप्तमी 12.25 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आद्र्रा 12.27 बजे को समाप्त।
योग परिघ 08.10 बजे तदनन्तर शिव 05.55 बजे रात्र को समाप्त।
करण बव 12.25 बजे तदनन्तर बालव 23.43 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 21.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 070 47'
सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872496
जूलियन दिन 2460961.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447 महीना रबी उस्सानी तारीख 20 विशेष अहोई अष्टमी, राधा कुंड स्नान, कालाष्टमी।




# मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट बी-टू-बी इवेंट और प्रदर्शनी का शुभारंभ, पहुंचे देश-विदेश के टूर ऑपरेटर और होटल प्रतिनिधि

**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट बी-टू-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) इवेंट और प्रदर्शनी का रविवार को भोपाल में एमवीएम ग्राउंड पर शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक संबंध सुदृढ़ करना है।

**मुख्य सचिव जैन ने किया उद्घाटन :** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने औपचारिक रूप से ट्रैवल मार्ट और प्रदेश के ग्रामीण पर्यटन की जीवंत प्रदर्शनी "विलेज वाइब्स" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिनेता रघुवीर यादव और अपर मुख्य सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला भी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीण जीवन, परंपरागत कला और संस्कृति के संरक्षण की सराहना की।

**ग्रामीण पर्यटन और होमस्टे का परिचय :** मुख्य सचिव ने महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत प्रशिक्षित बालिकाओं से संवाद किया और ग्रामीण किचन "मां की रसोई", ब्लॉक प्रिंटिंग, सुविनियर शॉप, चंदेरी साड़ी वीविंग, लाइव गोंड पेंटिंग जैसी गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने वनराज होमस्टे, पलाश विला पेंच, ज्यांशी होमस्टे, वेदिका हिल होमस्टे और ग्रैंड नर्मदा होमस्टे जैसे ग्रामीण होमस्टे संचालकों से मुलाकात कर उनके प्रयासों की प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया।

**बी-टू-बी इवेंट के उद्देश्य**
इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के टूर ऑपरेटर्स और होटल मालिकों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ट्रैवल एजेंटों से जोड़ना है। पूर्व-निर्धारित बैठकों के माध्यम से व्यापारिक समझौते और साझेदारियां की जाती हैं। यह मंच राज्य के वन्य जीव, विरासत स्थलों और नए पर्यटन गंतव्यों को बढ़ावा देने का अवसर देता है।

**प्रतिभागियों और निवेशकों से संवाद :** मुख्य सचिव जैन ने विदेशी और भारतीय टूर ऑपरेटरों, होटल प्रतिनिधियों और निवेशकों से मुलाकात कर प्रदेश में पर्यटन बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने मध्य प्रदेश में निवेश के अवसर, नई पर्यटन नीति और आगामी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।
इस अवसर पर प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैया राजा टी, अपर प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड बिदिशा मुखर्जी सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय एवं डोमेस्टिक टूर, ट्रैवल ऑपरेटर और होटलियर उपस्थित रहे।

# आरटीआई अधिनियम के 20 साल पूरे होने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर लगाया इसे कमजोर करने का आरोप

**» 2014 के बाद आरटीआई के मूल उद्देश्य पर लगातार हमला हुआ**

**» केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं हुई है**





**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'सूचना का अधिकार अधिनियम 2005' के 20 साल पूरे होने पर कहा कि आरटीआई ने शुरुआत में पारदर्शिता और जवाबदेही के नए युग की नींव रखी थी, लेकिन पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने इस कानून को व्यवस्थित रूप से कमजोर कर लोकतंत्र और नागरिकों के अधिकारों को खोखला कर दिया है।
खरगे ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि 20 साल पहले कांग्रेस नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में आरटीआई अधिनियम लागू किया था। यह अधिनियम भ्रष्टाचार, सरकारी जवाबदेही और सार्वजनिक हित की रक्षा के लिए एक मजबूत उपकरण था, लेकिन 2014 के बाद इसके मूल उद्देश्य पर लगातार हमला हुआ।
उन्होंने कहा की साल 2019 में मोदी सरकार ने अधिनियम को बदल दिया और सूचना आयुक्तों के कार्यकाल और वेतन पर नियंत्रण कर स्वतंत्र अधिकारी को नौकरशाहों जैसा बना दिया। 2023 में लागू हुए डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून ने आरटीआई के सार्वजनिक हित वाले हिस्से को प्रभावित किया और भ्रष्टाचार की जांच में बाधा डाली।
केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर कोई नियुक्त नहीं है और वर्तमान में आठ पद 15 महीनों से खाली हैं, जिससे अपील प्रक्रिया धीमी हो गई है और हजारों लोग न्याय पाने से वंचित हैं।
उन्होंने दावा किया कि सरकार ने कोविड महामारी, राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2017-18, कृषि सर्वेक्षण 2016-2020 और पीएम केयर फंड के दौरान मौतों और आंकड़ों की जानकारी छुपाई, जिससे जवाबदेही से बचा जा सके।
कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आरटीआई अधिनियम के मूल उद्देश्य को बचाना और नागरिकों को उनकी जानकारी तक पहुंच सुनिश्चित करना अब और जरूरी हो गया है।

# उज्जैन के आयुक्त व डीएम ने जूना पीठाधीश्वर सहित कई संतों से सिंहस्थ कुम्भ पर किया विमर्श

**हरिद्वार,** (हि.स.)। वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेला आयोजन को लेकर रविवार को उज्जैन के मंडलायुक्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने हरिद्वार में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी सहित अन्य संतों से मुलाकात की। भेंट के दौरान आगामी सिंहस्थ कुंभ 2028 की रूपरेखा, आयोजन-प्रबंधन एवं आध्यात्मिक समन्वय से जुड़े विविध विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।
उल्लेखनीय है कि 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला प्रस्तावित है। इसके आयोजन को लेकर हरिद्वार के वरिष्ठ संतों और और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व अन्य अखाड़ों के संतों से भेंट करने के लिए मेलाधिकारी व उज्जैन मण्डलायुक्त आशीष सिंह, जिलाधिकारी उज्जैन रौशन सिंह और उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी हरिद्वार पहुंचे। यहां उन्होंने श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि से शिष्टाचार भेंट की। स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने सिंहस्थ जैसे विराट आयोजन को संस्कृति, साधना और समरसता के अद्भुत संगम के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



उज्जैन के अधिकारियों ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रवीन्द्र पुरी और निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशनंद से भी भेंट कर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान मेला प्रतिष्ठान के विकास शर्मा भी मौजूद रहे।

# मायावती ने लखनऊमें सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर सरकार को घेरा



**लखनऊ** (हि.स.)।
**बसपा प्रमुख मायावती ने सरकार से कड़ी कार्रवाई और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।**

---------------------

लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने पूरे शहर को हिला दिया। पीड़िता अपनी बहन से मिलने के लिए घर से निकली थी, तभी कुछ युवकों ने उसे पकड़ लिया। उसके साथी दोस्त को युवकों ने पीटकर भगा दिया और किशोरी के साथ घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।

**पुलिस की कार्रवाई :** मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। देर रात आरोपित ललित को मुठभेड़ में पकड़ा गया, जबकि उसका साथी मेराज को दूसरे इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बाकी आरोपितों विशाल गुप्ता, राजेंद्र कश्यप और शिव कश्यप की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और जांच जारी है।

**बसपा प्रमुख का बयान**
बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सरकार से कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। मायावती ने ट्वीट में लिखा कि यह घटना अति-दुखद व शर्मनाक है और उत्तर प्रदेश व देश के अन्य हिस्सों में महिला उत्पीड़न, दुष्कर्म व हत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए।

**महिलाओं की सुरक्षा की जरूरत :** विशेषज्ञों और समाज के अनेक वर्गों का कहना है कि महिला सम्मान की बात पहले आती है, लेकिन सबसे जरूरी कदम महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए कानून-प्रवर्तन एजेंसियों और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूती से लागू करना होगा।

# बंगाल में डॉक्टर छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म : तीन संदिग्ध हिरासत में, ड्रोन से जारी तलाशी अभियान

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। घटना के बाद कॉलेज परिसर और आसपास के इलाके में ड्रोन कैमरों की मदद से तलाशी शुरू की गई। फॉरेंसिक टीम द्वारा भी आवश्यक नमूने एकत्र किए जा रहे हैं।



**राष्ट्रीय महिला आयोग और डॉक्टर संगठन की प्रतिक्रिया**
राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने पीड़िता से मुलाकात की। आयोग की अध्यक्ष विजय राहाटकर ने पश्चिम बंगाल पुलिस महानिदेशक को दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की चेतावनी दी। "पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट" ने भी पारदर्शी जांच की मांग की।

**राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिक्रिया :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री शशि पांजा ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण माझी ने भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की। पुलिस ड्रोन, सीसीटीवी और फॉरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है।

**घटना की जानकारी**
पीड़िता ओडिशा की रहने वाली है और दुर्गापुर के शोभापुर इलाके स्थित कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। शुक्रवार रात वह अपने एक सहपाठी के साथ कॉलेज परिसर के बाहर गई थी। आरोप है कि कुछ युवकों ने उसे छेड़ने के बाद पास के जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज के अनुसार छात्रा रात 7:58 बजे बाहर निकली और 9:31 बजे हॉस्टल लौटी।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दिया बड़ा संदेश, आर्मी परेड में दिखाई सबसे खतरनाक नई न्यूक्लियर मिसाइल



**सियोल:** उत्तर कोरिया ने विदेशी नेताओं की उपस्थिति में आयोजित विशाल सैन्य परेड में अपनी सबसे खतरनाक मिसाइल का प्रदर्शन कर अमेरिका को बड़ा संदेश दिया है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपनी परमाणु हथियारों से लैस सेना के अत्याधुनिक शस्त्रागार का प्रदर्शन कर प्रतिद्वंद्वियों को चेतावनी दी। प्योंगयांग के मुख्य चौक पर शुक्रवार रात हुई इस परेड में नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासोंग-20 को प्रदर्शित किया गया, जिसका परीक्षण अभी बाकी है। केसीएनए ने इसे "सबसे शक्तिशाली परमाणु सामरिक हथियार प्रणाली" बताया। इसके अलावा परेड में कई अन्य नई मिसाइलें भी शामिल थीं। उत्तर कोरिया आगामी दिनों में नई मिसाइल के परीक्षण की तैयारी कर रहा है। परेड के दौरान मंच पर उच्च स्तरीय चीनी, वियतनामी और रूसी अधिकारी मौजूद थे। किम जोंग उन ने कहा कि उनकी सेना को "एक अजेय इकाई के रूप में विकसित होना जारी रखना चाहिए, जो सभी खतरों को नष्ट कर दे।" उन्होंने रूस के लिए यूक्रेन युद्ध में भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों की भी प्रशंसा की। उत्तर कोरियाई सरकारी टेलीविजन पर दिखाए गए फुटेज में हजारों दर्शक राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे और नारे लगा रहे थे। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव और वियतनाम के कम्युनिस्ट पार्टी महासचिव टो लाम भी इस परेड में उपस्थित थे।

# क्यूबा ने यूक्रेन में सैनिक तैनाती के अमेरिकी आरोपों को किया खारिज, बताई कानूनन कार्रवाई की जानकारी



**हवाना,** (हि.स.)।

---------------

**01: मंत्रालय ने कहा कि क्यूबा किसी भी विदेशी संघर्ष में भाग नहीं लेता।**

---------------

**02 : अमेरिकी विदेश विभाग का अनुमान था कि 1,000–5,000 क्यूबाई सैनिक रूस के साथ युद्ध में हैं।**

---------------

क्यूबा के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को स्पष्ट किया कि अमेरिका का दावा कि क्यूबा के सैनिक यूक्रेन में लड़ रहे हैं, बिल्कुल निराधार है। मंत्रालय ने कहा कि देश की नीति किसी भी विदेशी संघर्ष में भाग लेने या भाड़े के सैनिक बनने की अनुमति नहीं देती। विदेश मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि 2023 से 2025 तक क्यूबा में ऐसे मामलों में कुल 40 आरोपियों के खिलाफ नौ आपराधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें से आठ मुकदमे हुए और पांच मामलों में 26 आरोपियों को 5 से 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई।

**अदालतों में चले मुकदमे और सजाएं :** विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन मामलों में एक मामला परीक्षण के लिए लंबित है और तीन मामलों का निर्णय अभी अदालत में लंबित है। मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल उन क्यूबाई नागरिकों के खिलाफ हुई जो भाड़े के सैनिक बनने के आरोप में पकड़े गए थे। मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन या किसी अन्य देश के सैन्य संघर्ष में क्यूबा की कोई भागीदारी नहीं है।

**अमेरिका का दावा और क्यूबा की प्रतिक्रिया** : अमेरिकी विदेश विभाग ने हाल ही में एक डिप्लोमैटिक नोट जारी किया था, जिसमें कहा गया कि क्यूबा के सैनिक रूस के साथ यूक्रेन में लड़ रहे हैं और उत्तर कोरिया के बाद क्यूबा सबसे बड़ा विदेशी सैनिक योगदानकर्ता है। नोट में क्यूबा के 1,000 से 5,000 सैनिकों के युद्ध में होने का अनुमान लगाया गया था। क्यूबा ने इसे पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र की शांति वार्ता और वैश्विक सुरक्षा प्रयासों का समर्थन करता है।

**संयुक्त राष्ट्र में आर्थिक प्रतिबंध पर प्रस्ताव** : इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासभा इस महीने अमेरिका द्वारा क्यूबा पर लगाए गए दशकों पुराने आर्थिक प्रतिबंध को समाप्त करने के लिए एक गैर-बाध्यकारी प्रस्ताव पर मतदान करने जा रही है। यह प्रस्ताव 1992 से हर साल भारी समर्थन के साथ पारित होता रहा है। पिछले साल इसे 187 देशों के समर्थन के साथ अपनाया गया था, जबकि केवल अमेरिका और इजरायल ने इसका विरोध किया था, और मोल्दोवा ने मतदान में भाग नहीं लिया।

# नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल अस्पताल में भर्ती



**काठमांडू:** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें काठमांडू के मनमोहन कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर ट्रांसप्लांट सेंटर (एमसीवीटीसी) में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति ने तेज सिरदर्द और उल्टी की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वर्तमान में उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है और चिकित्सक लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रहे हैं। राष्ट्रपति पौडेल शनिवार सुबह 'जेन जेड' समूह के लगभग 20 प्रतिनिधियों से चर्चा करने वाले थे, लेकिन उनकी तबीयत बिगड़ने के कारण यह बैठक सोमवार तक स्थगित कर दी गई। अप्रैल 2023 में सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स में इलाज भी कराया गया था। 'जेन जेड' या 'जेनरेशन जेड' समूह 1997 से 2012 के बीच जन्मे युवाओं का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले महीने इस समूह के नेतृत्व में नेपाल की राजधानी काठमांडू में सरकार विरोधी प्रदर्शन हुआ था, जिसमें 76 लोग मारे गए थे। इस बैठक में प्रतिनिधि प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई और प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल में 'जेन जेड' के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांगें राष्ट्रपति को सौंपने वाले थे।

# जो बाइडेन प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे, ले रहे रेडिएशन और हार्मोन थेरेपी



**वाशिंगटन:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रोस्टेट कैंसर से गुजर रहे हैं। उनके कार्यालय ने शनिवार को बताया कि बाइडेन इस बीमारी के इलाज के लिए रेडिएशन और हार्मोन थेरेपी ले रहे हैं।

उनकी सहयोगी केली स्कली ने कहा, "प्रोस्टेट कैंसर के उपचार की योजना के तहत, राष्ट्रपति बाइडेन वर्तमान में रेडिएशन और हार्मोन थेरेपी ले रहे हैं।"

बाइडन 82 साल के हैं और जनवरी में उन्होंने राष्ट्रपति पद छोड़ा था। मई में उनके कार्यालय ने घोषणा की थी कि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर का पता चला है और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया था। उनका ग्लीसन स्कोर 9 था, जो इसे सबसे आक्रामक प्रकार का कैंसर दर्शाता है। पिछले महीने ही बाइडेन ने माथे के त्वचा कैंसर के घावों को हटाने के लिए सर्जरी भी करवाई थी।

**प्रोस्टेट कैंसर क्या है?**

प्रोस्टेट पुरुषों में एक छोटी ग्रंथि होती है जो वीर्य में तरल पदार्थ प्रदान करती है। जब इसकी कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़कर शरीर के अन्य हिस्सों जैसे हड्डियां, फेफड़ों या लिवर तक फैलने लगती हैं, तो इसे प्रोस्टेट कैंसर कहते हैं।

# रात भर पलटवार के बाद अफगान का 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा

**इस्लामाबाद,** (हि.स.)।

**तालिबान ने जवाबी कार्रवाई में कई हथियार जब्त किए और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के प्रस्ताव को अस्वीकार किया।**



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच डूरंड रेखा पर पिछले दिनों बढ़ते टकराव ने शनिवार रात हिंसक रूप ले लिया। अफगानी सैनिकों ने रातभर हमले करके पाकिस्तान की 25 सैन्य चौकियों पर कब्जा करने और 58 सैनिकों को मार गिराने का दावा किया। अफगानिस्तानी जवाबी कार्रवाई में 9 सैनिकों की मौत और 16 अन्य घायल होने की जानकारी मिली।

**आईएसआईएस-के की मौजूदगी का आरोप** :मुजाहिद ने खबर पख्तूनख्वा में आईएसआईएस-के के ठिकानों और प्रशिक्षण केंद्रों का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं को कराची और इस्लामाबाद हवाई अड्डों के जरिए लाया जा रहा है। उनके अनुसार, ईरान और मॉस्को में हाल के हमले इसी नेटवर्क से जुड़े थे।

**क्षेत्रीय शक्तियों की चिंता** : सऊदी अरब और कतर ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान से संयम बरतने और विवादों का कूटनीतिक समाधान निकालने की अपील की। उल्लेखनीय है कि 9 अक्टूबर की रात पाकिस्तान ने काबुल, खोस्त, जलालाबाद और पक्तिका में टीटीपी के कथित ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिन्हें तालिबान ने युद्ध की शुरुआत

**तालिबान ने किया जवाबी हमला** : अफगानिस्तान इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि डूरंड रेखा के पार की गई जवाबी कार्रवाई में कई हथियार भी जब्त किए गए। उन्होंने चेतावनी दी कि अफगानिस्तान की संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन का जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल भेजने का अनुरोध तालिबान ने अस्वीकार कर दिया।

## बुलेटिन बॉक्स

» **नेपाल राष्ट्रपति स्वास्थ्य: नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती।**

---------------

» **बाइडेन का प्रोस्टेट कैंसर इलाज: अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन रेडिएशन और हार्मोन थेरेपी से प्रोस्टेट कैंसर का इलाज कर रहे हैं।**

---------------

» **क्यूबा ने अमेरिकी दावे खारिज किए: क्यूबा का कहना है कि अमेरिका का दावा कि क्यूबा के सैनिक यूक्रेन में लड़ रहे हैं, बिल्कुल निराधार है।**

---------------

» **पाक-अफगान तनाव: सीमावर्ती इलाके में अफगानी हमलों के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा**

# हमास के बंधकों की रहाई का मामला, नई सूची में नेपाल के विपिन जोशी का नाम भी शामिल



**काठमांडू,** (हि.स.)हमास और इज़राइल के बीच संघर्ष विराम समझौते के प्रारंभिक चरण के हिस्से के रूप में सोमवार को अपेक्षित रिहाई से पहले जीवित बंधकों की सूची में नेपाली नागरिक विपिन जोशी का भी नाम शामिल है। रविवार को टाइम्स ऑफ इज़राइल और वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि विपिन उन लोगों में से हैं जिनके जीवित होने की पुष्टि हुई है। इससे पहले जारी सूची में विपिन जोशी की स्थिति को "अज्ञात" के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। लेकिन हमास के नेताओं के हवाले से द वाशिंगटन पोस्ट, द टाइम्स ऑफ इज़राइल और एसोसिएटेड प्रेस द्वारा प्रकाशित नई सूची में उसके जीवित होने की पुष्टि की है। वर्तमान में जीवित माने जाने वाले सभी बंधक पुरुष हैं, जिनमें से अधिकांश 20 और 30 साल के बताए गए हैं। संघर्ष विराम के पिछले चरण में 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की रिहाई देखी गई। नेपाली छात्र विपिन जोशी का दक्षिणी इज़राइल के एलुमिम किबुत्ज़ में एक क्षेत्र में काम करते समय अपहरण कर लिया गया था। उनके परिवार ने गाजा में इजरायली बलों द्वारा हाल ही में बरामद वीडियो प्राप्त करने की पुष्टि की है, जिसमें दिखाया गया है कि वह जीवित है। माना जा रहा है कि यह फुटेज नवंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। अगवा किए जाने से महज एक महीने पहले विपिन जोशी इजरायल पहुंचे थे। वह गाजा सीमा पर किबुत्ज़ एलुमिम में काम करने और कृषि अध्ययन करने के लिए इज़राइल गए थे।

# काठमांडू के मेयर बालेन शाह और हामी नेपाल के संस्थापक सुदन गुरुंग के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में आंदोलन भड़काने के मामले में काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर बालेन शाह और हामी नेपाल के संस्थापक सुदन गुरुंग के खिलाफ पुलिस में रविवार को एक और शिकायत दर्ज कराई है। नेपाली कांग्रेस के सहयोगी संगठन नेपाल छात्र संघ की शिकायत में 8 और 9 सितंबर को युवाओं के आंदोलन के दौरान इन दोनों नेताओं पर सरकारी संपत्ति की तोड़फोड़, आगजनी, नेताओं की हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस शिकायत में इन दोनों पर प्रदर्शन में स्कूली छात्रों को शामिल करने और आंदोलन भड़काने का आरोप लगाया गया है, जिसके बाद चली गोली में 76 छात्रों को जान गंवानी पड़ी। पुलिस में दर्ज एफआईआर में छात्रों को मानव ढाल के रूप में प्रयोग कर आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि राष्ट्रीय विरासत स्थलों के साथ-साथ सरकारी और निजी संपत्तियों में आगजनी करने, तोड़फोड़ करने और नेताओं की हत्या के प्रयास में मेयर बालेन और सुदन गुरुंग ने घटनाओं में प्रमुख भूमिका निभाई थी। नेपाल छात्र संघ के प्रतिनिधियों में मनीष जंग थापा, अशोक सिंह विष्ट और विजय शाह ने यह शिकायत रविवार को ललितपुर के जिला पुलिस को दी। इससे पहले सीपीएन-यूएमएल से संबद्ध छात्र संगठन ने भी काठमांडू के जिला पुलिस परिसर में मेयर बालेन और सुदन गुरुंग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अब तक इन दोनों के खिलाफ देश भर के सात अलग-अलग जिलों में शिकायत दर्ज की जा चुकी है।




# कुलदीप यादव ने झटके पांच विकेट, इंग्लैंड के दिग्गज वार्डले की बराबरी की

भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 518 रन बनाकर पारी घोषित की। इस बड़े स्कोर तक पहुंचाने में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की शतकीय पारियों का अहम योगदान रहा। बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद गेंदबाजों ने भी अपना जलवा बिखेरा और वेस्टइंडीज़ की टीम को 248 रनों पर समेट दिया। भारत को इस तरह 270 रनों की ठोस बढ़त हासिल हुई।

**कुलदीप यादव का 'पांच विकेट हॉल', इतिहास में दर्ज हुआ नाम :** टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। उनकी टर्न और फ्लाइट के आगे वेस्टइंडीज़ के बल्लेबाज पूरी तरह असहाय नजर आए। यह कुलदीप के टेस्ट करियर का पांचवां 'फाइव विकेट हॉल' रहा। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने इंग्लैंड के लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर जॉनी वार्डले की बराबरी कर ली है, जिन्होंने अपने करियर में पांच बार पांच विकेट लिए थे। इस उपलब्धि के साथ कुलदीप अब टेस्ट क्रिकेट में संयुक्त रूप से सबसे सफल लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर बन गए हैं।

**विंडीज के बल्लेबाज पूरी तरह फ्लॉप, जडेजा का भी योगदान :** वेस्टइंडीज़ की बल्लेबाजी इस मैच में बेहद कमजोर साबित हुई। जॉन कैम्पबेल (10), तेगनारायण चंद्रपॉल (34) और शे होप (36) के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। खैरी पियरे (23) और एंडरसन फिलिप (24) ने निचले क्रम में कुछ रन जोड़े, पर पूरी टीम 248 रनों पर ढेर हो गई। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने पांच विकेट झटके, जबकि रवींद्र जडेजा ने तीन सफलताएं हासिल कीं। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को एक-एक विकेट मिला। वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने 13 ओवर गेंदबाजी की, लेकिन वह कोई विकेट नहीं ले पाए।

# वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 20वें संस्करण में उमड़ा जोश, 40 हजार से ज्यादा प्रतिभागी हुए शामिल

## तीनों रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों के रूप में लगाई दौड़

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार सुबह खेल, ऊर्जा और एकता का अनोखा संगम देखने को मिला, जब 40 हजार से अधिक धावक वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 20वें संस्करण में शामिल हुए। पेशेवर खिलाड़ियों से लेकर छात्रों, सैनिकों और वरिष्ठ नागरिकों तक, हर वर्ग के प्रतिभागियों ने शहर की सड़कों को जोश और रंगों के उत्सव में बदल दिया।

इस वर्ष भी आयोजन में ग्रेट दिल्ली रन, चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन और सीनियर सिटीजन रन जैसी श्रेणियों के माध्यम से समावेशिता और विविधता का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया। तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाग लेते हुए कहा, "दिल्ली की यह सुबह शहर की ऊर्जा और एकजुटता की मिसाल थी। जब 140 करोड़ भारतीय फिटनेस के लिए साथ आते हैं, तब कोई हमें नहीं रोक सकता।" पहली बार थलसेना, नौसेना और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों के रूप में दौड़ लगाई।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी हाफ मैराथन में भाग लिया, जबकि उनके बेटों ने 10 किलोमीटर दौड़ में हिस्सा लिया।

अंतरराष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर कार्ल लुईस, ओलंपिक पदक विजेता सरबजोत सिंह और तेजस्विन शंकर की मौजूदगी ने आयोजन में सितारों की चमक बढ़ाई।




केन्या के एलेक्स मटाटा ने पुरुष वर्ग में 59:50 मिनट में जीत दर्ज की, जबकि लिलियन कासैट रेंगरुक ने महिलाओं में 1:07:20 घंटे का समय लिया। भारतीय धावकों में अभिषेक पाल (1:04:17 घंटे) और सीमा (1:11:23 घंटे) विजेता रहीं।

## स्मृति मंधाना के पास 5000 ODI रन पूरे करने का सुनहरा मौका



स्मृति मंधाना ICC महिला वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने से सिर्फ 58 रन दूर हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले अगले मैच में अगर वह 58 रन बना लेती हैं, तो अपने ODI करियर में 5000 रन पूरे कर लेंगी। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह भारत की दूसरी महिला बल्लेबाज होंगी, मिताली राज के बाद, और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर।

अभी उनके नाम 4942 रन दर्ज हैं। वर्ल्ड कप में अब तक उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 23 रन रहा है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया को मजबूत पारी की सख्त जरूरत है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक खेले गए 59 ODI में भारत ने सिर्फ 11 बार जीत हासिल की है, जबकि 48 बार ऑस्ट्रेलिया विजयी रहा है। विशाखापत्तनम में होने वाला यह मैच न केवल टीम की जीत बल्कि मंधाना के इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड के लिए भी खास रहेगा, जिस पर फैंस की निगाहें टिकी रहेंगी।

## GOAT Tour to India 2025: मेसी, सुआरेज और डी पॉल एक साथ



भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के बहुप्रतीक्षित 'GOAT Tour to India 2025' में अब उरुग्वे के स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज और अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल भी शामिल होंगे। आयोजक सतद्रु दत्ता ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा की है। यह दौरा 13 दिसंबर को कोलकाता से शुरू होगा और अहमदाबाद, मुंबई तथा नई दिल्ली में आयोजित होगा। 15 दिसंबर को मेसी और उनकी टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेगी। सुआरेज और मेसी की जोड़ी पहले बार्सिलोना में नेमार के साथ फुटबॉल इतिहास की सबसे घातक साझेदारियों में रही थी। डी पॉल मेसी के मैदान पर और बाहर सबसे भरोसेमंद साथी माने जाते हैं। इस टूर के जरिए भारत में फुटबॉल संस्कृति को नई ऊंचाई देने और युवाओं में फुटबॉल के प्रति जुनून बढ़ाने का लक्ष्य है।

## इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने रचा इतिहास, बनीं पहली महिला क्रिकेटर




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने ICC वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 में श्रीलंका के खिलाफ एक ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनने का गौरव हासिल किया, जिन्होंने वर्ल्ड कप में एक से अधिक बार शतक और दो या उससे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा किया है।

उन्होंने 117 रन की शानदार शतकीय पारी खेली और गेंदबाजी में 2 विकेट हासिल किए, जिससे इंग्लैंड को 89 रन की जीत मिली और टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मैच का सारांश

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 253 रन बनाए।

नैट साइवर-ब्रंटः 117 रन, 5 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट।

सोफी एक्लेस्टोनः 10 ओवर, 17 रन देकर 4 विकेट।

श्रीलंका की टीम 45.5 ओवर में 164 रन पर ऑलआउट।

वर्ल्ड कप में शतक + 2+ विकेट लेने वाले खिलाड़ी

एनिड बेकवेल (इंग्लैंड) – 118 रन और 2 विकेट बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1973

मारिजैन कैप (साउथ अफ्रीका) – 102* रन और 3 विकेट बनाम पाकिस्तान, 2013

हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज) – 119 रन और 2 विकेट बनाम न्यूजीलैंड, 2022

नैट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड) – 109रन और 2 विकेट बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2022

नैट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड) – 117 रन और 2 विकेट बनाम श्रीलंका, 2025

## दिल्ली हाफ मैराथन में केन्या का दबदबा, पुरुषों में मटाटा और महिलाओं में रेंगरुक ने जीता खिताब

### - भारतीय धावकों में अभिषेक पाल और सीमा रहे शीर्ष पर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राजधानी में रविवार को आयोजित 20वीं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में केन्याई धावकों ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीते। पुरुष वर्ग में एलेक्स नजियोका मटाटा ने 59:50 मिनट में रेस पूरी कर खिताब अपने नाम किया, जबकि महिला वर्ग में लिलियन कसाइट रेंगरुक ने 1:07:20 समय के साथ रोमांचक जीत दर्ज की। यह दूसरी बार है जब इस प्रतिष्ठित विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस में दोनों वर्गों में केन्याई धावकों ने एक साथ जीत हासिल की।




भारतीय एलीट वर्ग में अभिषेक पाल ने 1:04:17 समय के साथ लगातार तीसरी बार खिताब जीता, वहीं महिला वर्ग में सीमा ने अपने डेब्यू में ही 1:11:23 के समय के साथ जीत दर्ज की। दोनों विजेताओं को चार-चार लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। मटाटा ने कहा कि इस बार उनका लक्ष्य सिर्फ जीतना था, जबकि रेंगरुक ने अपनी चोट से वापसी को इस जीत को और खास बताया।